गुरुवार, 7 मई 2026

मौसम

| | |
|---|---|
| तापमान | 25 – 33 |
| आर्द्रता | 85% |
| सूर्योदय: 05:00 | सूर्यास्त: 18:05 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष पंचमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



अहमदाबाद करेगा आईपीएल फाइनल की मेजबानी, धर्मशाला और न्यू चंडीगढ़ में होंगे प्लेऑफ मैच पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : तनावमुक्त रहने के लिए दोस्तों से बेमतलब की बातें करते रहें।

# शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक की गोली मारकर हत्या

## शुभेंदु अधिकारी, सुकांत मजूमदार समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता पहुंचे अस्पताल

### ■ राज्य के डीजी ने घटनास्थल का किया दौरा, अस्पताल के बाहर कार्यकर्ताओं की भारी भीड़

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक की बुधवार की रात कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में अज्ञात हमलावरों ने गोली मार कर हत्या कर दी। सूत्रों ने बताया कि यह घटना उत्तर 24 परगना जिले में मध्यमग्राम क्षेत्र के दोहरिया में हुई, जहां शुभेंदु अधिकारी के सहायक चंद्रनाथ रथ पर हमला किया गया। बाइक पर सवार लोगों ने उन्हें करीब से गोली मार दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बिना नंबर प्लेट की बाइक पर सवार तीन हमलावर दोहारिया इलाके में चंद्रनाथ की गाड़ी का पीछा कर रहे थे। मौका पाकर बदमाशों ने गाड़ी को घेर लिया और



पॉइंट ब्लैंक रेंज से कार पर फायरिंग

बेहद करीब से कई राउंड फायर किए। गोलियों की तड़तड़ाहट से इलाका दहल उठा। हमला करने के तुरंत बाद हमलावर फरार हो गए। रथ ड्राइवर के बगल में आगे की सीट पर बैठे थे। रथ के ड्राइवर बुद्धदेव बेरा को भी गोली लगी और उन्हें कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पता चला है कि गोलीबारी में रथ गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उन्हें पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के एक डॉक्टर ने बताया कि पीड़ित को मृत अवस्था में लाया गया था। छाती पर कई गोलियां लगी थीं, एक गोली उनके पेट में भी लगी थी। दूसरी तरफ, अपने पीए की हत्या की खबर सुनकर शुभेंदु अधिकारी तुरंत अस्प-ताल पहुंचे। इधर, घटना से आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों की भारी भीड़ अस्पताल परिसर व आसपास जुटी। केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार,अर्जून सिंह, सजल घोष,विजय ओझा समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी मौके पर पहुंचे। घटना के चलते तनाव के बीच इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। सूत्रों के अनुसार, गोलीबारी में शामिल लोगों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। मामले में अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### टीएमसी ने हत्या की निंदा की, सीबीआई जांच की मांग

तृणमूल कांग्रेस ने अज्ञात लोगों द्वारा भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या की निंदा की और घटना की अदालत की निगरानी में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की। टीएमसी ने एक बयान में कहा कि हम मध्यमग्राम में चंद्रनाथ रथ की हत्या की कड़ी निंदा करते हैं, साथ ही पिछले तीन दिन में भाजपा समर्थित उपद्रवियों द्वारा चुनाव बाद की हिंसा की कथित घटनाओं में तीन टीएमसी कार्यकर्ताओं की हत्या की भी निंदा करते हैं। ये घटनाएं ऐसे समय हुई हैं जब राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हैं। पार्टी ने कहा कि हम इस मामले में अदालत की निगरानी में सीबीआई जांच सहित कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग करते हैं ताकि जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उन्हें बिना किसी देरी के न्याय के कटघरे में लाया जा सके। टीएमसी ने कहा कि लोकतंत्र में हिंसा और राजनीतिक हत्याओं का कोई स्थान नहीं है और दोषियों को जल्द से जल्द सजा मिलनी चाहिए।

# नयी सरकार का ब्रिगेड परेड ग्राउंड में होगा शपथग्रहण समारोह, तैयारियां तेज

## पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत कई केंद्रीय मंत्रियों के शामिल होने की संभावना

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में भाजपा की पहली सरकार का शपथग्रहण समारोह नौ मई को यहां ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। पार्टी सूत्रों के अनुसार, सुबह 10 बजे शुरू होने वाले शपथग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और कई केंद्रीय मंत्रियों के उपस्थित रहने की उम्मीद है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने बुधवार को घो-षणा की कि नयी भाजपा सरकार 9 मई को सुबह 10 बजे ब्रिगेड परेड ग्राउंड में शपथ लेगी। खास बात यह है कि शपथग्रहण समारोह बंगाली पंचांग के बैसाख महीने के 25वें दिन आयोजित किया जाएगा जिसे पूरे राज्य में रवींद्र जयंती के रूप में मनाया जाता है, जो रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती है। इससे कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रतीकात्मकता की झलक नजर आएगी।



**शुक्रवार को होगा नए सीएम का फैसला**

भाजपा को मिली जीत के बाद विधायक दल के नेता यानी नए मुख्यमंत्री के चुनाव के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को कोलकाता आएंगे। प्रदेश भाजपा के सूत्रों के अनुसार, संभवत कल ही शाह की मौजूदगी में विधायक दल की बैठक होगी, जिसमें नेता का चुनाव किया जाएगा।

**समारोह को लेकर हाई अलर्ट, 4000 पुलिस कर्मी रहेंगे तैनात**

शपथ ग्रहण समारोह में करीब 4,000 पुलिस कर्मियों को सुरक्षा में तैनात किया जाएगा। कोलकाता पुलिस के सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा व्यवस्था की कमान खुद कोलकाता के पुलिस आयुक्त (सीपी) अजय नंद के हाथ में होगी। उनके साथ अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, संयुक्त आयुक्त और डीसी स्तर के अधिकारी भी अलग-अलग सेक्टरों की जिम्मेदारी संभालेंगे। खुद सीपी ने नए सीएम के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों के मद्देनजर बुधवार की शाम वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ ब्रिगेड मैदान पहुंचकर जायजा लिया। सूत्रों के अनुसार, ब्रिगेड और आसपास के मैदान क्षेत्र को कई सेक्टरों में बांटकर सुरक्षा की योजना बनाई गई है। हर सेक्टर की निगरानी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा की जाएगी। ब्रिगेड क्षेत्र को नो-फ्लाई जोन घोषित किया गया है, इसलिए वहां ड्रोन के इस्तेमाल पर रोक रहेगी। हालांकि, आसपास की ऊंची इमारतों से निगरानी रखी जाएगी, जबकि शहर के अन्य हिस्सों में हवाई निगरानी की व्यवस्था होगी। सुरक्षा व्यवस्था में राज्य पुलिस के साथ-साथ केंद्रीय बलों की भी तैनाती की जाएगी, ताकि समारोह शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न हो सके।

**राइटर्स बिल्डिंग में मरम्मत कार्य जारी, सरकार विधानसभा के विस्तार भवन से कर सकती है कार्य**

कोलकाता के मध्य में स्थित लगभग 250 साल पुरानी राइटर्स बिल्डिंग पश्चिम बंगाल के राज्य सचिवालय के रूप में अपना दर्जा वापस पाने को पूरी तरह तैयार दिख रही है, क्योंकि भाजपा ने फैसला किया है कि उसका मुख्यमंत्री 'नवान्न' से काम नहीं करेगा। राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि राइटर्स बिल्डिंग में बचा हुआ मरम्मत कार्य पूरा होने तक, नये मुख्यमंत्री के विधानसभा के विस्तार भवन से कार्य करने की संभावना है। अधिकारी ने कहा, 'राइटर्स बिल्डिंग में काम पूरा होने से पहले, नये मुख्यमंत्री को विधानसभा के विस्तार भवन से अस्थायी रूप से कार्य करने देने का प्रस्ताव है।' उन्होंने हालांकि, कहा कि इस संबंध में अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। मुख्य सचिव दुशमंता नरियाल ने विधानसभा सचिव समरेंद्र नाथ दास के साथ प्रस्ताव पर चर्चा करने के लिए एक आपातकालीन बैठक की। विधानसभा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'हमें विस्तार भवन को तैयार रखने और सुरक्षा एवं अन्य पहलुओं के मद्देनजर सभी बुनियादी ढांचागत मुद्दों को ध्यान रखने के लिए कहा गया है। भवन को तैयार रखना होगा।'

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# मुझे बर्खास्त कर दो, इस्तीफा नहीं दूंगी : ममता

### ■ मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा न देने पर अड़ीं ममता, तृणमूल ने बताया सांकेतिक विरोध प्रदर्शन



**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत के बावजूद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से इनकार करने के एक दिन बाद बुधवार को ममता बनर्जी ने अपना राजनीतिक रुख और सख्त कर लिया। पार्टी नेताओं ने उनके इस फैसले को विधानसभा चुनाव परिणामों में कथित 'हेरफेर' के खिलाफ 'प्रतीकात्मक विरोध' बताया और आने वाले समय में लंबी राजनीतिक व कानूनी लड़ाई के संकेत दिए। ममता ने अपने कालीघाट आवास पर नवनिर्वाचित तृणमूल विधायकों और वरिष्ठ नेताओं की बैठक में कथित तौर पर कहा कि भाजपा ने चुनाव लूट लिया। उन्होंने कहा कि पार्टी मतगणना के दौरान बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के आरोप लगाते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख करेगी। बैठक में पार्टी की भविष्य की रणनीति, संगठनात्मक पुनर्गठन और जिम्मेदारियों के बंटवारे पर भी चर्चा हुई। पार्टी नेताओं के अनुसार, बैठक में ममता बनर्जी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि तृणमूल गड़बड़ करके हासिल किए गए जनादेश का राजनीतिक रूप से विरोध करेगी। उन्होंने कथित तौर पर कहा कि अगर वे राष्ट्रपति शासन लगाना चाहते हैं, तो लगा दें। अगर वे मुझे बर्खास्त करना चाहते हैं, तो कर दें। इसे एक काले दिन के रूप में दर्ज होने दीजिए। तृणमूल प्रमुख ने पार्टी में असंतोष और संगठनात्मक समस्याओं को देखते हुए अनुशासन समिति बनाने की भी घोषणा की।

### रुपया 69 पैसे चढ़कर 94.49 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई :** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बुधवार को 69 पैसे मजबूत होकर 94.49 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ संभावित समझौते के संकेत देने के बाद अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत टूटकर 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंचने से रुपया मजबूत हुआ है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपये पर पड़ रहे भारी दबाव को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मुद्रा को समर्थन देने के लिए सक्रिय रूप से एक 'अप्रत्यक्ष' रणनीति भी अपना रहा है।

### वंदे मातरम के अपमान को दंडनीय अपराध बनाने के लिए कैबिनेट की मंजूरी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के गायन में किसी भी प्रकार की बाधा डालने को दंडनीय अपराध बनाने के लिए 'राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971' में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इससे वंदे मातरम् को राष्ट्रगान जन गण मन के समान वैधानिक सुरक्षा मिल जाएगी। वर्तमान कानून में राष्ट्रीय ध्वज, संविधान और राष्ट्रगान को किसी भी प्रकार के अपमान से सुरक्षा प्राप्त है। कानून के अनुसार, राष्ट्रध्वज या संविधान को जलाने, फाड़ने, अपवित्र करने, रौंदने या राष्ट्रगान के दौरान जानबूझकर बाधा डालने पर तीन साल तक की जेल की सजा सुनाई जा सकती है और जुर्माना भी लगाया जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि संसद की मंजूरी के बाद संशोधन लागू होने पर वंदे मातरम् के गायन में जानबूझकर बाधा डालना भी अपराध होगा।

### भारत के साथ मजबूत संबंध बनाने के लिए उत्सुक : रूबियो की यात्रा से पहले अमेरिकी राजदूत

**नयी दिल्ली :** भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने बुधवार को कहा कि वाशिंगटन नयी दिल्ली के साथ अपनी बढ़ती साझेदारी को बहुत महत्व देता है और वह दोनों देशों के साथ-साथ पूरी दुनिया को लाभ पहुंचाने के लिए द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। गोर की यह टिप्पणी अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो की भारत यात्रा से पहले आई है। अमेरिकी राजदूत ने 'एक्स' पर एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह रूबियो के साथ दिखाई दे रहे हैं।

# अमेरिका-ईरान वार्ता में प्रगति, तेल कीमतों में गिरावट से सेंसेक्स 941 अंक चढ़ा

**तेजी से निवेशकों की पूंजी छह लाख करोड़ रुपये बढ़ी**

**मुंबई :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने के लिए बातचीत में प्रगति के दावे के बाद बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार में जोरदार तेजी देखने को मिली। कारोबार के अंतिम घंटे में तेज लिवाली से बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 940.73 अंक यानी 1.22 प्रतिशत उछलकर 77,958.52 अंक पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,004.99 अंक यानी 1.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,022.78 अंक पर पहुंच गया था। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 298.15 अंक यानी 1.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,330.95 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख ने भी स्थानीय बाजार को समर्थन दिया। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से इंटरग्लोब एविएशन में सबसे ज्यादा 6.6 प्रतिशत का उछाल आया। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और पश्चिम एशिया संकट के बीच एयरलाइन कंपनियों के लिए ऋण सुविधा की घोषणा से कंपनी के शेयर में तेजी आई। इसके अलावा ट्रेंट, एशियन पेंट्स, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और इटर्नल के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.8 प्रतिशत की गिरावट आई। लार्सन एंड टुब्रो, पावर ग्रिड और एनटीपीसी के शेयरों में भी गिरावट रही।

# एटीएस ने आतंकी हमले की साजिश रचने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के आतंक रोधी दस्ते (एटीएस) ने आतंकी हमले की साजिश रचने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक, जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी पाकिस्तान के एक गैंगस्टर के इशारे पर महत्वपूर्ण ठिकानों को निशाना बनाने की साजिश रच रहे थे। एटीएस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कुशीनगर निवासी कृष्णा मिश्रा (20) और बाराबंकी निवासी दानियाल अशरफ (23) के रूप में हुई है। बयान में बताया गया कि एटीएस को सूचना मिली थी कि भारत व उत्तर प्रदेश में आतंक फैलाने के उद्देश्य से पाकिस्तान के आतंकवादी संगठनों द्वारा युवकों को स्लीपर सेल के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। एटीएस ने बताया कि ये लोग संवेदनशील संस्थानों, पुलिस सस्थानों एवं पुलिसकर्मियों को निशाना बनाकर आतंकी घटनाओं को अंजाम देने की साजिश रहे थे। बयान के मुताबिक, यह भी



जानकारी मिली थी कि पाकिस्तान की खुफिया एजेन्सी के निर्देश पर पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी व उसके आतंकी नेटवर्क से जोड़कर विभिन्न सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से युवाओं को हमले के लिए तैयार किया जा रहा था। एटीएस ने बताया कि दोनों आरोपियों के मोबाइल फोन में पाकिस्तानी नंबर सेव मिले हैं। बयान के मुताबिक, सोशल मीडिया के जरिए आरोपियों की वीडियो कॉल की जानकारी और वॉइस नोट्स मिले हैं। व्हाट्सएप ग्रुप कॉल के जरिए संदिग्ध विदेशी नंबरों से बातचीत कर देशविरोधी साजिशें रची जा रही थीं।

# बंगाल में अगले 100 सालों तक सत्ता में रहेगी भाजपा : शुभेंदु अधिकारी

**पूर्व मेदिनीपुर :** विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत और मुख्यमंत्री ममता को भवानीपुर में हराकर और नंदीग्राम से तीसरी बार जीत हासिल करने वाले नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को कहा कि हम इस तरह से काम करेंगे कि राज्य में भाजपा की सरकार सौ साल तक बनी रहे। जीत के बाद अपने गृह जिले पूर्व मेदिनीपुर के नंदीग्राम पहुंचे शुभेंदु ने दिन में पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों व जनसमूह को संबोधित करते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले चुनाव में राज्य में भाजपा का वोट शेयर मौजूदा 48 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो जाएगा। तृणमूल कांग्रेस शासन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं पर हुए हमलों का जिक्र करते हुए शुभेंदु ने कहा कि वह उन पर हुए अत्याचारों को कभी नहीं भूलेंगे।

**'जीती गई दो विधानसभा सीट में से एक 10 दिन में खाली कर दूंगा'**

भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि वह 10 दिनों के भीतर इनमें से एक सीट से इस्तीफा दे देंगे। शुभेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं 10 दिनों के भीतर एक सीट खाली कर दूंगा। पार्टी तय करेगी कि मैं कौन सी सीट बरकरार रखूंगा। मेरी जो भी निजी राय होगी, मैं उसे नेतृत्व को बता दूंगा। मैं भवानीपुर और नंदीग्राम के लोगों के प्रति अपनी जिम्मेदारी नहीं भूलूंगा। उन्होंने कहा कि चाहे औपचारिक रूप से हो या अनौपचारिक रूप से, मैं दोनों निर्वाचन क्षेत्रों के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वाह करूंगा। इस दिन, शुभेंदु अधिकारी ने रेयापाड़ा, हरिपुर और नंदीग्राम के अन्य हिस्सों में सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान समर्थकों ने बार-बार नारे लगाकर उनसे निर्वाचन क्षेत्र न छोड़ने की अपील की। शुभेंदु अधिकारी ने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए अपील की कि वे तत्काल विजय जुलूस न निकालें और इसके बजाय नौ मई को नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह तक संयम बनाए रखें। भाजपा नेता ने नंदीग्राम के निवासियों को बेहतर पेयजल आपूर्ति और बेहतर अस्पतालों का आश्वासन भी दिया।





## गंगोत्री से गंगासागर तक कमल खिला

बंगाल में भाजपा का खेला काम कर गया। ऐसा भी नहीं है कि तीन बार से सत्ता पर काबिज बंगाल की शेरनी ममता से जनता का मोहभंग हाल–फिलहाल की घटना है। भाजपा ने दशकों से आक्रामक रणनीति से चुनावी तैयारी की है। केंद्र सरकार के तमाम संसाधनों का गाहे–बगाहे प्रयोग किया। बंगालियों को रास आने वाले तमाम विमर्श गढ़े और मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के जरिये लाखों मतदाताओं को बाहर का रास्ता दिखाया। मोदी–शाह की आक्रामक रणनीति के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यकर्ता स्तर पर गहन अभियान चले। फिलहाल, गंगोत्री से गंगासागर तक भाजपा का शासन हो गया है। गंगा के प्रवाह के साथ बहने वाले झारखंड को छोड़ दें तो बाकी राज्य भगवामय हैं। जहां बंगाल में पहली बार कमल खिला है, वहीं तमिलनाडु में थलापति के नाम से चर्चित सुपरस्टार विजय की दमदार एंट्री हुई है। उन्होंने भी परंपरागत राजनीतिक दलों की घोषणाओं से बढ़कर लोकलुभावने वायदे किए हैं। फलत: दो ध्रुवीय द्रविड़ राजनीति सत्ता से बाहर हुई है। स्टालिन न केवल हारे हैं, बल्कि उनकी सरकार भी गई। छह दशक बाद राज्य में गैर द्रविड़ियन सरकार बनने जा रही है। हालांकि, अभी सत्ता में आने के लिये टीवीके को गठबंधन का सहारा लेना होगा। भाजपा के लिये भी पत्ते खेलने के अवसर हैं। जहां बंगाल, केरलम व तमिलनाडु में सत्ता विरोधी लहर में सरकारें धराशायी हुई हैं,वहीं असम में भाजपा की हैट्रिक बनी है। हेमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व में भाजपा ने भरपूर बहुमत पाया है। पुडुचेरी में फिर एनडीए सत्ता पर काबिज हुआ है। लेकिन भाजपा की इस जीत की खुशी के बीच केरलम में कांग्रेस नीत गठबंधन की वापसी हुई है। पांच राज्यों के चुनाव परिणाम वाम दलों के लिये दु:स्वप्न ही साबित हुए हैं, केरलम में उनका आखिर गढ़ भी हाथ से निकल गया है। हालांकि, केरलम में भाजपा ने तीन व तमिलनाडु में एक सीट जीतकर हिंदी बेल्ट की पार्टी के ठप्पे से मुक्त होने का प्रयास किया है।

इन विधानसभा चुनाव परिणामों का निष्कर्ष यह भी है कि अब क्षेत्रीय क्षत्रपों की मुखर आवाज कुंद हो गई है। जहां ममता,स्टालिन व विजयन सत्ता से बाहर हो गए हैं, वहीं शरद पवार, अरविंद केजरीवाल, नीतीश कुमार, नवीन पटनायक का प्रभाव भी फीका हुआ है। वर्तमान विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद देश का 72 फीसदी भूभाग व 78 फीसदी आबादी भाजपा शासित है। अनुमान है कि अब भाजपा 'एक देश, एक चुनाव' के मुद्दे पर मुखर हो सकती है। कयास बंगाल को लेकर भी हैं कि वहां आंदोलनों के अगुवा रहे सुवेंदु अधिकारी को सत्ता की बागडोर सौंपी जाएगी, या भाजपा कोई चौंकाने वाली पहल करती है। बहरहाल, बंगाल में भाजपा ने आक्रामक चुनावी रणनीति से महज 8 फीसदी वोट प्रतिशत की वृद्धि से 131 सीटें बढ़ा ली हैं। इतना ही नहीं टीएमसी के मजबूत गढ़ों में 53 सीटें कब्जा ली हैं। बहरहाल, पहले से ही कमजोर विपक्ष को यह परिणाम बड़ा झटका है। कांग्रेस व वाम दलों से किनारा करके चलने की ममता की महत्वाकांक्षी कोशिश का लाभ भाजपा को मिला है। हां, इतना जरूर है कि दक्षिण भारत में पकड़ बनाने के लिये भाजपा को कड़ी मेहनत करनी होगी। इस बार उसे केरल की तीन व तमिलनाडु की एक सीट पर ही संतोष करना पड़ा है। वहीं केरलम में वाम मोर्चे के अंतिम किले का ध्वस्त होना और लगातार टकराव के मूड में रहने वाले स्टालिन की विदाई उसका उत्साह बढ़ाने वाले हैं। बहरहाल– ममता, विजयन और स्टालिन की हार से संकेत मिलता है कि कांग्रेस विपक्ष के कमजोर 'इंडिया' गठबंधन का नेतृत्व करती रहेगी। लेकिन भाजपा को आने वाले समय में पंजाब में कड़ा मुकाबला करना पड़ेगा, जहां आम आदमी पार्टी व कांग्रेस अपनी जमीन मजबूत करने के प्रयासों में लगे हैं। बहरहाल,विगत में राजनीतिक हिंसा का इतिहास रखने वाले पश्चिम बंगाल में चुनाव के दौरान उपजी कटुता को नियंत्रित करने के प्रयास बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के करने होंगे। निस्संदेह, लोकतंत्र में हिंसा की कोई भूमिका नहीं स्वीकारी जानी चाहिए। विश्वास करें कि नयी सरकार द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध को संरक्षण नहीं दिया जाएगा।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 7 मई, गुरुवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष पंचमी, 10:13 तक, नक्षत्र : पूर्वाषाढ़ा, 18:36 तक, योग : साध्य, 25:50 तक, सूर्योदय: 05:00, सूर्यास्त: 18:04, चन्द्रोदय : 23:38, चन्द्रास्त: 09:40, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 13:47 से 15:24

## राशिफल

**मेष :** आज दिल और किस्मत दोनों आपका साथ देने वाले हैं। प्रेम जीवन में मिठास बढ़ेगी और पार्टनर के साथ बॉन्डिंग पहले से मजबूत होगी। धन–धान्य में भी बढ़ोतरी के संकेत हैं।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए अच्छा है, बस एक छोटी सी सावधानी जल्दबाजी से बचें, वरना चोट लग सकती है। परिवार में खुशियां रहेंगी। वाहन संभलकर चलाएं।

**मिथुन :** आज सेहत को हल्के में लेना भारी पड़ सकता है। कोई पुरानी परेशानी फिर से सिर उठा सकती है। खर्चों पर कंट्रोल रखना जरूरी है। हालांकि सामाजिक क्षेत्र में आपकी पकड़ मजबूत रहेगी।

**कर्क :** अआज का दिन आपको सिखाएगा कि जीत सिर्फ ताकत से नहीं, समझदारी से मिलती है। आप अपने विरोधियों पर भारी पड़ सकते हैं, लेकिन फैसले सोच–समझकर लें।

**सिंह :** आज मन थोड़ा भारी रह सकता है। तनाव महसूस होगा। बच्चों की सेहत को नजरअंदाज न करें। किसी काम में रिस्क लेना आज नुकसान दे सकता है। पिताजी कोई बड़ी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं।

**कन्या :** आज चुनौतियां सामने आ सकती हैं, लेकिन आपका धैर्य ही आपकी ढाल बनेगा। मन में नकारात्मक विचारों को जगह न दें। घर–परिवार में सुधार और साज–सज्जा पर ध्यान देंगे।

**तुला :** आज का दिन आपको आगे बढ़ाने वाला है। आपकी मेहनत रंग लाएगी और सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेने का मौका मिलेगा। किसी सहयोगी की बात दिल को चुभ सकती है।

**वृश्चिक :** आज का दिन पॉजिटिव रिजल्ट लेकर आएगा, लेकिन परिवार में छोटी–सी कलह आपके मन को परेशान कर सकती है। संतान के करियर को लेकर आप कोई बड़ा कदम उठा सकते हैं।


**धनु :** आज मन में बेचैनी रह सकती है और सेहत भी थोड़ा कमजोर रह सकता है। बिजनेस डील को लेकर चिंता बनी रहेगी। मां से किया हुआ वादा निभाना जरूरी है, वरना मन में अपराधबोध रहेगा।

**मकर :** आज खर्चे आपकी जेब पर भारी पड़ सकते हैं।और अगर लापरवाही की तो बचत भी कम हो सकती है। भाई–बहनों के साथ प्रॉपर्टी को लेकर विवाद बढ़ सकता है, जो कानूनी रूप ले सकता है।

**कुम्भ :** आज का दिन सामान्य रहेगा, लेकिन आपके अंदर ऊर्जा भरपूर रहेगी। आप लंबी यात्रा की योजना बना सकते हैं। जीवनसाथी की भावनाओं को समझना आज जरूरी है।

**मीन :** आज आपको कानूनी मामलों में खास ध्यान देने की जरूरत है। बिजनेस में थोड़ा उतार–चढ़ाव रहेगा, लेकिन पुराने निवेश, खासकर शेयर मार्केट से लाभ मिल सकता है।

# एक साल बाद: 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विचार



**एयर वाइस मार्शल डॉ. अर्जुन सुब्रमण्यम (सेवानिवृत)**

यूक्रेन में जारी युद्ध के खत्म होने के कोई संकेत नहीं दिखने और मध्य–पूर्व के 'न युद्ध, न शांति' के दलदल में फंसे होने के बावजूद, हाल के समय के दूसरे संघर्षों के मुकाबले 'ऑपरेशन सिंदूर' को एक मानक अभियान के तौर पर देखना महत्वपूर्ण है। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सबसे खास बातें थीं– सैन्य ताकत का तीव्र और नियंत्रित तरीके से निर्णायक इस्तेमाल, ताकि प्रबंधन करने योग्य संघर्ष–विस्तार में रहते हुए ऐसे रणनीतिक नतीजे हासिल किए जा सकें, जिनकी 'बाहर निकलने की रणनीति' स्पष्ट हो और जो मोदी सरकार के राजनीतिक लक्ष्यों के अनुरूप हों। इस संघर्ष की शुरुआत का उद्देश्य था – पाकिस्तान के भारत–विरोधी आतंकवादी नेटवर्क के गढ़ पर सीधा हमला करना और अगर पाकिस्तान की सेना भारत के शुरुआती आतंकवाद–रोधी हमले का सैन्य जवाब देती है, तो उसे भारी नुकसान पहुंचाना। ये ऐसे बड़े लक्ष्य नहीं थे, जिनके लिए बहुत बड़े पैमाने पर और हर तरफ सैन्य ताकत के इस्तेमाल की ज़रूरत पड़ती। यह एक ज़िम्मेदार ताकत द्वारा, राज्य–प्रायोजित आतंकवाद के बार–बार दोहराए जाने वाले कृत्यों को सज़ा देने के लिए चलाया गया एक सटीक, सक्रिय और संयमित प्रतिरोधी अभियान था।

हालांकि भारत ने 2019 में बालाकोट में आतंकवाद–रोधी अभियानों में आक्रामक हवाई शक्ति के इस्तेमाल का प्रयोग किया था, लेकिन इस बार जैश–ए–मोहम्मद और लश्कर–ए–तैयबा के मुख्यालयों पर–जो क्रमशः बहावलपुर और मुरीदके में स्थित हैं–हमला करने की उसकी तत्परता ने राष्ट्रीय हितों की पूर्ति के लिए जोखिम उठाने की एक नई प्रवृत्ति और संघर्ष को बढ़ाने की इच्छाशक्ति को उजागर किया। फिर भी, राजनीतिक स्तर पर सोच में पूरी स्पष्टता थी कि एक व्यापक संघर्ष भारत के हित में नहीं है, भले ही पाकिस्तान की सैन्य परिसंपत्तियों को और अधिक नुकसान पहुँचाने का सैन्य प्रलोभन मौजूद था।

समझदारी और संयम, ज़िम्मेदार राज–काज और सैन्य अभियानों के दो ऐसे साथ–साथ चलने वाले पहलू हैं, जिन्हें भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान अच्छी तरह प्रदर्शित किया; खासकर इस मामले में कि उसने अपने हमलों के दौरान कोई भी अतिरिक्त नुकसान नहीं होने दिया और सैन्य श्रेष्ठता होने के बावजूद पाकिस्तान के युद्धविराम के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। अब पीछे मुड़कर देखने पर, एक लंबे और बड़े संघर्ष से मिलने वाले फ़ायदे, उसके संभावित आर्थिक और मानवीय नुकसानों के मुकाबले बहुत ही मामूली लगते हैं। चार दिनों के भीतर ही संघर्ष को समाप्त कर देने से जो सैकड़ों करोड़ रुपये की बचत हुई, उसने मध्य–पूर्व में चल रहे मौजूदा संघर्ष के दौरान भारत की आर्थिक सहनीयता में योगदान दिया है। दूसरी ओर, मध्य–पूर्व के संघर्ष में अमेरिका के 27 अरब डॉलर से भी ज़्यादा खर्च हो चुके हैं और इस संघर्ष का कोई अंत भी नज़र नहीं आ रहा है।

भारत के मौजूदा उच्च रक्षा संगठन ने संघर्ष के दौरान अच्छी तरह काम किया। ऑपरेशन के नीति–निर्माण और तैयारी के चरण में 'केंद्रीकृत और निर्देशात्मक नियंत्रण' का एक स्पष्ट मॉडल देखने को मिला; इसके पहले स्तर पर प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और रक्षा मंत्री थे, जबकि दूसरे स्तर पर सीडीएस और तीनों सेना के प्रमुख इसे समर्थन दे रहे थे। यह बिल्कुल स्पष्ट है कि सेना प्रमुखों और खुफिया एजेंसियों को स्पष्ट और ठोस रणनीतिक परिणाम बताए गए थे, जिसके बाद उन्हें एक व्यावहारिक 'कार्ययोजना' तैयार करने की जिम्मेदारी दी गयी।

भले ही हज़ारों सालों में युद्ध के स्वरूप में कई बदलाव आए हों, लेकिन कौटिल्य, सुन त्ज़ू, क्लॉज़विट्ज़ और लिडेल हार्ट जैसे प्राचीन और आधुनिक रणनीतिकारों द्वारा बताए गए युद्ध के अधिकांश मूल सिद्धांत समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। कुल मिलाकर, 'ऑपरेशन सिंदूर' की भारत की सफलता ने तनाव बढ़ाने और प्रतिरोध करने की सीमाओं का विस्तार किया, भारत ऐसा इसलिए कर पाया क्योंकि इसने समय की कसौटी पर खरे उतरे युद्ध के कुछ सिद्धांतों और संकट के समय फ़ैसले लेने के तरीकों का पालन किया। इनमें से, लक्ष्य का चयन और उसे बनाए रखना, शक्ति का केंद्रीकरण, आक्रामक कार्रवाई, अचानक हमला, कमान की एकता, सुरक्षा, सरलता, मनोबल और अनुकूलनशीलता ऐसे सिद्धांत हैं, जिन पर और अधिक विचार–विमर्श की आवश्यकता है।

परिचालन स्तर पर, भारत की उभरती हुई बहु–क्षेत्रीय सैन्य रणनीति के 'तलवार' के रूप में आईएएफ का इस्तेमाल करने का फ़ैसला एक साहसी कदम था, जो आज के दौर के संघर्षों के बदलते स्वरूप को दिखाता है और जिस पर बारीकी से नज़र रखने और विश्लेषण करने की ज़रूरत है। पाकिस्तान की चीन से मिली वायु रक्षा प्रणालियों को चकमा देने और उन्हें जाम करने के बाद, भारत ने 7 मई को पाकिस्तान के अंदरूनी इलाकों में घुसकर हमला किया। इस हमले में पाकिस्तान और पीओजेके में मौजूद 9 अहम आतंकवादी ठिकाने तबाह हो गए, और लश्कर–ए–तैयबा, जैश–ए–मोहम्मद और हिज़्बुल मुजाहिदीन के प्रमुख केंद्र नष्ट हो गए। 10 मई को, कुछ ही घंटों के भीतर, भारत ने अपने हमले का दायरा और बढ़ाया तथा 11 प्रमुख सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया, जिनमें नूर खान एयरबेस, रफ़ीक़ी एयरबेस, मुरीद एयरबेस, सुक्कुर एयरबेस, सियालकोट एयरबेस, पसरूर एयरबेस, चुनियां एयरबेस, सरगोधा एयरबेस, स्कार्दू एयरबेस, भोलारी एयरबेस और जैकोबाबाद एयरबेस शामिल थे। इस कार्रवाई से पाकिस्तान की हवाई और युद्ध संबंधी क्षमताओं को गंभीर नुकसान पहुँचा। आईएएफ की हवाई हमलों की तीव्रता से यह ज़ाहिर हो गया है कि इन हवाई अड्डों, विमानों और वहाँ तैनात हथियार प्रणालियों को पहुँचाया गया नुकसान, 1971 के युद्ध में पश्चिमी मोर्चे पर आईएएफ द्वारा पीएएफ के हवाई अड्डों को पहुँचाए गए कुल नुकसान से कहीं ज़्यादा है। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने भारत की एकीकृत हवाई रक्षा प्रणाली की परिपक्वता को भी साबित कर दिया, जो दुश्मन की मिसाइल और ड्रोन–केंद्रित रणनीति का मुक़ाबला करने में सक्षम है। हालाँकि, आईएएफ को भविष्य में, अधिक शक्तिशाली दुश्मनों के ख़िलाफ़ किसी भी सीमित संघर्ष की स्थिति में अपने प्लेटफ़ॉर्म, हथियारों और प्रणालियों का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल करने के लिए, तेज़ गति से लगातार सीखते रहने की आवश्यकता होगी।

भविष्य के युद्ध–क्षेत्रों में, लंबे समय तक चलने वाले संघर्षों का सामना करने के लिए, ज़्यादा एकीकरण और तालमेल की ज़रूरत होगी। वर्तमान में चल रहे सुधारों और संरचनात्मक पहलों पर शायद फिर से विचार करना पड़े, ताकि एक ऐसा संगठनात्मक ढांचा तैयार किया जा सके जो 'भारत–विशिष्ट' हो और 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सीखे गए अनुभवों पर आधारित हो। हालांकि, दुनिया भर में चल रहे संघर्षों से कई रणनीतिक और परिचालन संबंधी सबक मिलते हैं, लेकिन भारत को दूसरी जगहों से युद्ध–लड़ाई के मॉडल उठाने और उन्हें अपने रणनीतिक और परिचालन वातावरण पर लागू करने के प्रति सावधान रहना चाहिए। उदाहरण के लिए, हवाई परिचालन में मिसाइल और ड्रोन पर ज़्यादा ज़ोर देने के समर्थकों को अपने विचार पर फिर से सोचना चाहिए। भारत के पश्चिमी और उत्तरी मोर्चों पर जैसा हवाई माहौल है, जहाँ दोनों पक्ष एक–दूसरे को कड़ी टक्कर देते हैं, वहाँ सिर्फ़ 'बहु–क्षेत्रीय परिचालन' ही सफल होंगे।

भारत के सशस्त्र बलों ने एक जटिल युद्धक्षेत्र के माहौल में खुद को साबित किया है–भले ही सीमित पैमाने पर –जिसने उन्हें कई तरह के ऑपरेशन चलाने और सरकार द्वारा तय किए गए राष्ट्र के सर्वोत्तम हितों के अनुसार, सही समय पर पीछे हटने का अवसर दिया। भारत के रणनीतिक और राष्ट्रीय डीएनए में अलग–अलग पहलू शामिल हैं, जो 21वीं सदी में अब तक राजनीतिक सोच और रणनीतिक अभिव्यक्तियों के संयोजन के रूप में सामने आए हैं। ज़िम्मेदारी और संयम के साथ सक्रिय प्रतिरोध की नींव पर निर्मित 'संपूर्ण राष्ट्र दृष्टिकोण' की ओर एक स्पष्ट बदलाव देखने को मिला है। 'ऑपरेशन सिंदूर' इसी धीरे–धीरे उभरते डीएनए की अभिव्यक्ति था।

(लेखक एक सैन्य इतिहासकार और रणनीतिक विश्लेषक हैं। वे नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय में 'राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों में राष्ट्रपति उत्कृष्टता पीठ' के पूर्व अध्यक्ष हैं। वर्तमान में वे कौटिल्य स्कूल ऑफ़ पब्लिक पॉलिसी में सहायक संकाय सदस्य हैं और भारत के सभी युद्ध महाविद्यालयों में अतिथि संकाय के रूप में कार्यरत हैं।)

# यूपी/बिहार/झारखंड/राजस्थान

## शाह, नितिन नवीन बिहार मंत्रिमंडल विस्तार से एक दिन पहले पटना पहुंचे





**पटना :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बुधवार को बिहार की राजधानी पटना पहुंचे, जहां वह राज्य मंत्रिमंडल के विस्तार समारोह में शामिल होंगे। यह समारोह बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में आयोजित किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष शाह का पटना हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने स्वागत किया। पिछले महीने सम्राट चौधरी बिहार में भाजपा की ओर से सरकार का नेतृत्व करने वाले पहले नेता बने थे। भाजपा के प्रमुख रणनीतिकार माने जाने वाले शाह हवाई अड्डे से सीधे शहर के एक होटल पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कई नेताओं से मुलाकात की। इसके बाद वह रात में वहीं ठहरे हैं। बृहस्पतिवार को होने वाले समारोह के लिए पटना पहुंचने वालों में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन भी शामिल हैं। नितिन नवीन पिछले वर्ष दिसंबर में पार्टी का शीर्ष पद संभालने तक राज्य मंत्रिमंडल में मंत्री थे।

### मंत्रिमंडल में शामिल हो सकते हैं निशांत कुमार

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अगुवाई वाली सरकार में शामिल होने पर सहमति दे दी और उनके बृहस्पतिवार को होने वाले मंत्रिमंडल विस्तार समारोह में मंत्री पद की शपथ लेने की संभावना है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। करीब दो महीने पहले जदयू की सदस्यता ग्रहण करने वाले निशांत कुमार (45) पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के आग्रह के बाद सरकार में शामिल होने के लिए तैयार हुए हैं। सूत्र ने बुधवार को 'पीटीआई–भाषा' से कहा, ''जब से निशांत पार्टी में शामिल हुए हैं, तभी से कार्यकर्ताओं की इच्छा थी कि वह सरकार का हिस्सा बनें। पिछले महीने उन्हें उपमुख्यमंत्री भी बनाया जा सकता था लेकिन वह हिचकिचा रहे थे। अंततः उन्होंने सहमति दे दी है।'' नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सम्राट चौधरी के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के समय से ही यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि जदयू प्रमुख के उत्तराधिकारी माने जा रहे निशांत कुमार मंत्रिपरिषद में शामिल होंगे। निशांत ने हालांकि यह कहते हुए मंत्री पद लेने से इनकार कर दिया था कि वह पहले पार्टी कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाना चाहते हैं। इसके बाद जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव को मंत्री बनाया गया।

### कैबिनेट में 16 मंत्री पद चाहती है जदयू: उमेश कुशवाहा

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के बिहार प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी राज्य में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की कैबिनेट में 16 मंत्री पद चाहती है, जिसका बृहस्पतिवार को विस्तार होना है। पिछले महीने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार का गठन हुआ था। उनके स्थान पर सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनाया गया था। वह बिहार में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री हैं। फिलहाल मंत्रिमंडल में जदयू के केवल दो वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद शामिल हैं, जिन्हें उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। मंत्रिमंडल का विस्तार बृहस्पतिवार को एक भव्य समारोह में होने वाला है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन समेत कई वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की संभावना है।

### राजस्थान में तापमान बढ़ा, फलौदी में रहा सबसे अधिक तापमान



**जयपुर :** राजस्थान के अधिकांश शहरों में बुधवार को अधिकतम तापमान दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने अनुमान जताया कि आने वाले दिनों में तापमान में बढ़ोत्तरी हो सकती है। जयपुर स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, फलौदी जिले में अधिकतम तापमान सबसे अधिक 42.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं जैसलमेर में 42.2 डिग्री, बाड़मेर में 41.8 डिग्री और जोधपुर व पाली में 40.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। विभाग ने बताया बुधवार को पाली के जवाई बांध में 12 मिलीमीटर (मिमी), डबोक में 9.7 मिमी, डूंगरपुर में 3.5 मिमी और जालोर में तीन मिमी वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग ने बताया कि आने वाले दिनों में राजस्थान में आंधी–बारिश की गतिविधियां घट सकती हैं हालांकि राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में अगले दो से तीन दिनों तक आंशिक रूप से बादल छाए रहने और कहीं–कहीं हल्की बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले तीन से चार दिनों में अधिकांश क्षेत्रों में अधिकतम तापमान तीन से पांच डिग्री तक बढ़ सकता है। विभाग ने बताया, नौ मई को जोधपुर संभाग के सीमावर्ती इलाकों में अधिकतम तापमान करीब 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है और उसी दिन पश्चिमी हिस्सों में एक बार फिर लू शुरू हो सकती है।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा विश्वनाथ व काल भैरव के दरबार में पूजा की

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार सुबह काशी पहुंचे और उन्होंने यहां बाबा विश्वनाथ धाम व काशी कोतवाल बाबा काल भैरव के दरबार में पूजा की। एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने बाबा काल भैरव मंदिर में हाथ जोड़कर श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार किया। काशीपुराधिपति बाबा विश्वनाथ के दरबार में दर्शन करने आए भक्तों ने मुख्यमंत्री को देखकर 'हर–हर महादेव' का जयकारा लगाया। इस दौरान प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल राजभर, रविंद्र जायसवाल, डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' , विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. अवधेश सिंह, विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, धर्मेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### जेएसी कक्षा 12 के परिणाम घोषित; लड़कियों ने वाणिज्य और कला में, लड़कों ने विज्ञान में बाजी मारी

**रांची :** झारखंड अकादमिक परिषद (जेएसी) की कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाओं के नतीजे बुधवार को घोषित कर दिए गए, जिसमें वाणिज्य और कला श्रेणियों में लड़कियों ने, जबकि विज्ञान में लड़कों ने बाजी मारी। जेएसी के मुताबिक, विज्ञान श्रेणी में कुल 82.92 फीसदी, वाणिज्य में 93.27 फीसदी और कला में 96.14 फीसदी छात्र–छात्राएं उत्तीर्ण हुए। परिषद ने बताया कि विज्ञान श्रेणी में उत्तीर्ण छात्रों और छात्राओं का आंकड़ा क्रमश: 83.02 प्रतिशत और 82.76 प्रतिशत रहा।

## वर्ग पहेली नं. 3431



*बायें से दायें:-* 1) खिन्न, 3) इज़्ज़त, 6) नतीजा, 7) निगरानी, 8) उपदेश, 9) दयालु, 10) पिटाई, 11) दशानन, 13) तृतीय, 15) कम भारवाला, 17) अनाथ, 19) लचकाना, 20) अवस्था, 22) आगमन, 23) निरर्थकता, 26) राजमुकुट, 27) अनाड़ीपन, 28) दुष्कर्म.

*ऊपर से नीचे:-* 2) कलंकित, 3) मृत्युपर्यन्त, 4) हसीना, 5) हरियालीयुक्त, 6) मध्यांतर, 8) नगाधिराज, 12) वकील का पेशा, 14) भोगना, 15) आप और मैं, 16) ज़नाना ढीला पाजामा, 18) धनुर्धारी, 20) गिनती, 21) शरारत, 22) गंतव्य स्थान, 23) बराबर; सदृश, 24) हिचकी, 25) पुल्लिंगी सजीव.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



*Mob. No. 08329510310*

## सुडोकू-पहेली-3389

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 4 | | 6 | | | | |
| | 9 | | | | | 2 | | |
| | | 8 | 9 | | | | 3 | 4 |
| | | | 8 | 4 | | | | |
| 6 | | | | | | | | 5 |
| | 1 | | | | | | | |
| | | | | | 3 | | 7 | |
| 4 | 5 | | | 2 | 6 | | | |
| | 3 | | | 7 | | | | 2 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3–3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3388 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 1 | 2 | 5 | 8 | 9 | 7 | 4 |
| 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 1 | 8 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 9 | 4 | 6 | 2 | 3 |
| 4 | 2 | 6 | 8 | 7 | 5 | 3 | 9 | 1 |
| 9 | 7 | 8 | 3 | 1 | 6 | 2 | 4 | 5 |
| 1 | 3 | 5 | 9 | 4 | 2 | 8 | 6 | 7 |
| 7 | 8 | 9 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 4 | 2 | 5 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 1 | 3 | 4 | 2 | 9 | 7 | 8 | 6 |

# सरकार बदलते ही सिविक वॉलंटियर समेत 5 लाख संविदा कर्मियों में नौकरी को लेकर चिंता, भविष्य पर उठे सवाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में राजनीतिक बदलाव के बाद करीब 5 लाख संविदा और सिविक वॉलंटियर कर्मचारियों के बीच अपने भविष्य को लेकर चिंता बढ़ गई है। इन कर्मचारियों का कहना है कि क्या उनकी नौकरी आगे भी बनी रहेगी या नई सरकार द्वारा इसे समाप्त कर दिया जाएगा, इसको लेकर अनिश्चितता का माहौल है। यह सवाल लगातार विभिन्न व्हाट्सऐप समूहों में चर्चा का विषय बना हुआ है। इन कर्मचारियों को नियुक्ति पिछली सरकार के कार्यकाल में मिली थी। ये लोग सरकारी पदों पर कार्यरत हैं और सरकारी कर्मचारियों की तरह ही काम करते हैं, लेकिन इनकी नियुक्ति स्थायी नहीं होकर



संविदा (कॉन्ट्रैक्ट) आधारित है। लंबे समय से ये कर्मचारी स्थायीकरण की मांग को लेकर आंदोलन भी कर चुके हैं, लेकिन अब तक उन्हें कोई ठोस सफलता नहीं मिल पाई है।

राज्य में वर्तमान में सरकारी नौकरियों में लगभग 6 लाख पद रिक्त हैं। ग्रुप ए,बी,सी और डी के कुल सरकारी कर्मचारियों की संख्या लगभग 3 लाख 17 हजार है। ऐसे में प्रशासनिक कार्यों के संचालन के लिए सरकार बड़ी संख्या में संविदा कर्मचारियों पर निर्भर है। राज्य के लगभग सभी सरकारी कार्यालयों में डेटा एंट्री ऑपरेटर, चपरासी और अन्य विभिन्न पदों पर संविदा कर्मचारी कार्यरत हैं। इसके अलावा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और ट्रैफिक नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में तैनात सिविक वॉलंटियर भी इसी श्रेणी में आते हैं। कुल मिलाकर ऐसे अस्थायी कर्मचारियों की संख्या लगभग 5 लाख बताई जा रही है। तृणमूल कांग्रेस सरकार के दौरान इन सभी संविदा कर्मचारियों ने स्थायीकरण की मांग को लेकर आंदोलन किया था। उस समय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की ओर से एक अधिसूचना जारी कर यह आश्वासन दिया गया था कि ये कर्मचारी 60 वर्ष की आयु तक अपने पद पर बने रहेंगे और उनकी नौकरी सुरक्षित रहेगी। साथ ही, सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें सीमित सेवानिवृत्ति लाभ देने की भी घोषणा की गई थी हालांकि, अब राजनीतिक परिवर्तन के बाद इन कर्मचारियों में असमंजस की स्थिति है। उन्हें आशंका है कि यदि नई सरकार संविदा पदों को समाप्त कर स्थायी भर्ती की दिशा में कदम बढ़ाती है, तो उनकी नौकरी पर संकट आ सकता है। इसी कारण वे पहले जारी किए गए सरकारी आश्वासन पर भी पूरी तरह भरोसा नहीं कर पा रहे हैं।

# जनादेश से विकास की उम्मीद, टेक्सटाइल सेक्टर में नई संभावनाएं: उद्योग जगत ने जताई अपेक्षाएं

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में हालिया विधानसभा चुनावों के बाद बने राजनीतिक परिदृश्य को लेकर उद्योग जगत, विशेषकर टेक्सटाइल ट्रेड सेक्टर में सकारात्मक उम्मीदें जताई जा रही हैं। व्यापारिक संगठनों का मानना है कि यह जनादेश राज्य में औद्योगिक विकास, निवेश वृद्धि और रोजगार सृजन के लिए एक नया अवसर लेकर आया है।

चेंबर ऑफ टेक्सटाइल ट्रेड एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष **महेंद्र जैन** ने भारतीय जनता पार्टी की चुनावी सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि यह जनादेश जनता की विकास की आकांक्षाओं का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई सरकार औद्योगिक विकास, विशेषकर



टेक्सटाइल एवं ट्रेड सेक्टर को मजबूत करने के लिए दूरदर्शी नीतियां अपनाएगी। उन्होंने कहा कि व्यापार के लिए सरल, पारदर्शी और प्रोत्साहनकारी वातावरण बनाया जाना जरूरी है, जिससे निवेश को बढ़ावा मिले और रोजगार के नए अवसर पैदा हों। साथ ही, टेक्सटाइल उद्योग के लिए बुनियादी ढांचे का विकास, वित्तीय सहायता, आधुनिक तकनीक को बढ़ावा और निर्यात वृद्धि पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि चेंबर सरकार के साथ मिलकर राज्य के समग्र विकास में सक्रिय भूमिका निभाएगा।

चेंबर ऑफ टेक्सटाइल ट्रेड एंड इंडस्ट्री के मंत्री **देवेंद्र कुमार बोथरा** ने कहा कि राज्य में राजनीतिक परिवर्तन और बीजेपी की जीत को टेक्सटाइल ट्रेड सेक्टर के लिए सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है। यह बदलाव व्यापारिक माहौल को मजबूत करने और नीतिगत स्पष्टता लाने का अवसर प्रदान करेगा। टेक्सटाइल ट्रेड, जो पश्चिम बंगाल की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख आधार है, लंबे समय से बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, सरल कर प्रणाली और व्यापार-अनुकूल नीतियों की अपेक्षा करता रहा है। नई सरकार से उम्मीद है कि वह इन क्षेत्रों में ठोस कदम उठाएगी, जिससे विशेष रूप से छोटे और मध्यम व्यापारियों को राहत और प्रोत्साहन मिलेगा।

## सत्ता परिवर्तन के बाद राज्य में केंद्र की योजनाओं को मिलेगा बढ़ावा, अब लागू होने की उम्मीद

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में 15 साल के तृणमूल कांग्रेस शासन का अंत कर भाजपा के सत्ता में आने के साथ ही उन केंद्र प्रायोजित योजनाओं को लेकर अनिश्चितता खत्म हो गई है, जिन्हें अब तक राज्य प्रशासन और निवर्तमान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा लागू नहीं किया गया था। अब, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी रैलियों में वादा किया था, इन योजनाओं को पूरी तरह लागू किया जाएगा। इनमें सबसे प्रमुख स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत योजना है। अब तक ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली कैबिनेट ने इस योजना को लागू नहीं होने दिया, क्योंकि राज्य में पहले से ही 'स्वास्थ्य साथी' नामक अपनी स्वास्थ्य बीमा योजना संचालित थी। जहां आयुष्मान भारत राष्ट्रीय स्तर पर लागू योजना है, वहीं 'स्वास्थ्य साथी' की सीमाएं केवल पश्चिम बंगाल तक थीं। इसके अलावा, कई अन्य केंद्र प्रायोजित योजनाएं भी हैं, जिन्हें प्रशासनिक कारणों से पूरी तरह लागू नहीं किया गया था, जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, मातृशक्ति भरोसा, युवा शक्ति भरोसा आदि। अब इन योजनाओं के लागू होने की संभावना है। केंद्र के साथ मतभेदों के चलते तृणमूल कांग्रेस सरकार ने इन योजनाओं को लागू नहीं किया, क्योंकि इससे केंद्र सरकार की योजनाओं को बढ़ावा मिलता। हालांकि, सत्ता परिवर्तन के बाद अब उम्मीद है कि ये सभी योजनाएं राज्य में पूरी तरह लागू होंगी।

# भाजपा के सत्ता में आने के बाद ताजपुर बंदरगाह परियोजना के आगे बढ़ने की उम्मीद

**पूर्व मेदिनीपुर/कोलकाता :** राज्य में भाजपा के सत्ता में आने के बाद 25,000 करोड़ रुपये की ताजपुर बंदरगाह परियोजना को लेकर उद्योग की उम्मीदें एक बार फिर जग गई है। यह परियोजना लंबे समय से अटकी हुई है। उद्योग को उम्मीद है कि राज्य और केंद्र के बीच बेहतर समन्वय से प्रस्तावित बुनियादी ढांचा उद्यम का काम तेजी से आगे बढ़ेगा। हालांकि, दिसंबर, 2025 में पश्चिम बंगाल औद्योगिक विकास निगम (डब्ल्यूबीआईडीसी) द्वारा जारी नई वैश्विक निविदा अब रद्द हो गई है क्योंकि इसमें कंपनियों की ओर से पर्याप्त भागीदारी देखने को नहीं मिली थी। नेशनल शिपिंग एंड लॉजिस्टिक्स कमेटी, बीसीसीएंड आई के



चेयरमैन, अदीप नाथ पाल चौधरी ने बताया कि बंगाल में केंद्र-राज्य के तालमेल से, परियोजना के रफ्तार पकड़ने की उम्मीद है। हालांकि, इसका पूरा लाभ अंतिम छोर तक संपर्क और सुगम मल्टीमॉडल एकीकरण पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि ताजपुर बंदरगाह पूर्वी भारत के व्यापार के लिए एक बड़ा बदलाव लाने की क्षमता रखता है। इससे बड़े जहाज सीधे लंगर डाल सकेंगे, पारगमन केंद्र पर निर्भरता कम होगी और लॉजिस्टिक की लागत कम होगी। साथ ही, कोलकाता और हल्दिया बंदरगाह पर भीड़भाड़ कम होगी जिससे जहाजों के आने-जाने का समय कम हो सकेगा। समुद्री बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा कि ताजपुर में एक नए बंदरगाह के डिजाइन, निर्माण, वित्तपोषण, उसे चलाने और स्थानांतरित करने की निविदा को दो सप्ताह पहले ही रद्द कर दिया गया है, क्योंकि इसके लिए न्यूनतम बोलियां प्राप्त नहीं हुई थीं। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव के घोषणापत्र में ताजपुर बंदरगाह और कुल्पी बंदरगाह के विकास का वादा किया है।

## अभाविप ने चुनाव नतीजे के बाद हुई हिंसा में अपनी भूमिका से किया इनकार

**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) गत चार मई को चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद विश्वविद्यालय/महाविद्यालय परिसरों में हुई झड़प में अपनी संलिप्तता से इनकार किया तथा तृणमूल छात्र परिषद (टीएमसीपी) के एक गुट पर इसका ठीकरा फोड़ा। एक बयान में, अभाविप के प्रदेश सचिव नीलकंठ भट्टाचार्य ने दावा किया कि तृणमूल छात्र परिषद के भीतर कुछ 'आक्रामक तत्व' मौजूदा नेतृत्व से नाखुश हैं तथा अपना हिसाब बराबर करने के लिए महाविद्यालय परिसरों में विध्वंसकारी गतिविधियों में लिप्त हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये तत्व अभाविप को बदनाम करने के उद्देश्य से विभिन्न कॉलेजों में अशांति फैलाते हुए उसके झंडे लहराते हैं और भगवा रंग लगाते हैं। अभाविप ने यह भी आरोप लगाया कि परिसरों में अशांति फैलाने के लिए उसके आधिकारिक लेटरहेड का 'अवैध और भ्रामक तरीके से' दुरुपयोग किया जा रहा है। बयान में कहा गया है कि अभाविप का ऐसी गतिविधियों से कोई लेना-देना नहीं है। ये हरकतें पूरी तरह से अनैतिक और निंदनीय हैं। बयान में यह भी कहा गया है कि ऐसी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि कलकत्ता विश्वविद्यालय में पांच मई को एआईडीएसओ और अभाविप के विद्यार्थियों के बीच झड़प में छह लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है।

## हावड़ा में पार्टी कार्यालय कब्जे पर पलटी तस्वीर, भाजपा नेताओं ने लौटाए टीएमसी दफ्तर

**हावड़ा, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद हावड़ा में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। जिले के कई इलाकों से वायरल वीडियो और तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें कुछ तृणमूल कांग्रेस कार्यालयों पर कथित रूप से भाजपा समर्थकों द्वारा कब्जा किए जाने और वहां भाजपा के झंडे लगाए जाने के आरोप लगे हैं। हालांकि, इसके उलट कुछ घटनाओं ने राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज कर दी है। दक्षिण हावड़ा में सूचना मिलने पर भाजपा के हावड़ा जिला सचिव प्रमोद सिंह मौके पर पहुंचे और कथित रूप से कब्जा किए गए कार्यालय से भाजपा का झंडा हटवाकर कार्यालय तृणमूल नेताओं को वापस सौंप दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह जगह पहले एक क्लब थी, जिसे 2011 में तृणमूल कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद पार्टी कार्यालय में बदला गया था। वहीं, मध्य हावड़ा में भाजपा नेता शिव शंकर साधुखां की तस्वीरें वायरल हुईं, जिनमें वह कथित रूप से कब्जा किए गए एक कार्यालय का ताला खुलवाकर उसे तृणमूल कांग्रेस के पूर्व पार्षद को सौंपते दिखाई दे रहे हैं। शिव शंकर साधुखां ने कहा कि चुनाव परिणाम के बाद कुछ लोग खुद को भाजपा कार्यकर्ता बताकर जबरन कार्यालयों पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। सूचना मिलने पर वह 25 नंबर वार्ड पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। उन्होंने बताया कि कार्यालय की चाबी संबंधित पूर्व पार्षद को सौंप दी गई है और भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए प्रशासन को सतर्क रहने को कहा गया है। इधर, भाजपा नेता प्रमोद सिंह ने कहा कि भाजपा इस तरह की गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेगी।

## सुल्तानगंज स्टेशन पर विकास कार्य के लिए ट्रेनों का संचालन प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा :** मालदह डिवीजन के अंतर्गत सुल्तानगंज स्टेशन पर 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज के लिए गर्डर लॉन्चिंग कार्य के मद्देनजर रेलवे द्वारा ट्रेनों के संचालन में अस्थायी बदलाव किए गए हैं। यह कार्य 08/09 मई 2026 तथा 09/10 मई 2026 की रात 21:50 बजे से 02:20 बजे तक ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लेकर किया जाएगा। इस दौरान 73436/73435 जमालपुर-भागलपुर-जमालपुर पैसेंजर ट्रेन 08 और 09 मई को रद्द रहेगी। वहीं, 13031 हावड़ा-जयनगर एक्सप्रेस दोनों दिन 180 मिनट विलंब से 14:25 बजे प्रस्थान करेगी। 15743 एवं 15733 बलुरघाट-भटिंडा फरक्का एक्सप्रेस क्रमशः 08 और 09 मई को 120 मिनट देरी से 19:00 बजे रवाना होंगी। इसके अलावा, 13415 मालदह टाउन-पटना एक्सप्रेस 08 मई को 120 मिनट विलंब से 22:15 बजे खुलेगी। 13402 डाउन और 53441 अप ब्लॉक से पहले तथा 13230 डाउन, 18603 डाउन और 15743 अप ब्लॉक के बाद पहली ट्रेन होंगी।

## गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप से भारत की एयरो इंजन क्षमता मजबूत, महाराष्ट्र बन सकता वैश्विक हब

**कोलकाता, समाज्ञा :** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप ने प्रिसिजन इंजीनियरिंग और वैश्विक साझेदारियों के जरिए भारत की एयरो इंजन क्षमताओं को मजबूती दी है। 06 मई 2026 को जारी बयान में कंपनी ने बताया कि वह उन्नत गुणवत्ता और भरोसे के साथ एयरोस्पेस विनिर्माण में अपनी भूमिका बढ़ा रही है। एयरो इंजन के सभी मॉड्यूल बनाने वाली यह भारत की एकमात्र निजी कंपनी है, जो 'आत्मनिर्भर भारत' को बढ़ावा दे रही है। कंपनी की साझेदारी बोइंग, सफरान एयरक्राफ्ट इंजन्स, जीई एयरोस्पेस, रोल्स रॉयस और आरटीएक्स जैसे प्रमुख वैश्विक एयरोस्पेस दिग्गजों के साथ साझेदारी कर रहा है। व्यवसाय में करीब 25% सालाना वृद्धि और निर्यात में 30% से अधिक बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अगले तीन वर्षों में आरएंडडी, डिजाइन और डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग के लिए 100 करोड़ निवेश की योजना है। महाराष्ट्र के खालापुर में 100 एकड़ में नई सुविधा स्थापित की गई है। गोदरेज एंटरप्राइजेज बिजनेस हेड (एयरोस्पेस) मानेक बेहरामकामदीन ने कहा कि कंपनी नवाचार, एक्टुएटर्स और स्वदेशीकरण के जरिए वैश्विक एयरोस्पेस वैल्यू चेन में अपनी भूमिका मजबूत कर रही है।



जोड़ासांको विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक विजय ओझा को श्री सहस्रार्जुन जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष विकास जायसवाल, संयुक्त मंत्री मनोहर जायसवाल, राजीव जायसवाल, संजय जायसवाल, उप कोषाध्यक्ष संतोष जायसवाल, कप्तान रतन जायसवाल, धीरज कुमार साव, पंकज गुप्ता, लालता प्रसाद जायसवाल, कृष्ण जायसवाल ने जीत की दी बधाई।




नवनिर्वाचित भाजपा विधायक गोपाल चंद्र साहा ने मालदा जिले के ऐहो क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जीत का जुलूस निकालकर जीत का जश्न मनाया।

## बुलडोजर हमेशा डर का प्रतीक नहीं, यह भ्रष्टाचार दूर करने के लिए परिवर्तन का प्रतीक है : दिलीप घोष

**कोलकाता, समाज्ञा :** वरिष्ठ भाजपा नेता और नवनिर्वाचित विधायक दिलीप घोष ने बुधवार को कहा कि 'बुलडोजर' डर या घबराहट का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह व्यवस्था को साफ करने के लिए 'परिवर्तन' का प्रतीक है। घोष ने कहा कि नई सरकार किसी भी तरह की हिंसा से सख्ती से निपटेगी। उन्होंने कहा कि यह जनादेश शांति, प्रगति और विकास के लिए है तथा यह सब ममता बनर्जी सरकार के 15 साल के 'कुशासन और अत्याचारों' के बाद आया है। उन्होंने कहा कि बुलडोज़र विकास की राह में आने वाली रुकावटों को हटाने का प्रतीक है। बुलडोज़र 'परिवर्तन' लाने के लिए है। बुलडोज़र भ्रष्टाचार को, महिलाओं और राज्य के लोगों के खिलाफ होने वाले अत्याचारों को कुचल देगा और उन अपराधियों के कुकर्मों के खिलाफ न्याय दिलाएगा जिन्होंने अपराध किए हैं। बुलडोज़र को डर और आशंका से नहीं जोड़ा



जा सकता। हालांकि, घोष ने अपनी इन टिप्पणियों को मंगलवार रात 'न्यू मार्केट' इलाके में जीत के जश्न के दौरान एक ढांचे को गिराने के लिए कथित तौर पर इस्तेमाल किए गए बुलडोज़र की घटना से नहीं जोड़ा। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर चलती है और किसी भी शांतिप्रिय भारतीय नागरिक के साथ कभी कोई भेदभाव नहीं करेगी। उन्होंने दावा किया कि 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद तृणमूल के हमलों में लगभग 300 भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक मारे गये। घोष ने कहा कि हम बदला में नहीं, बल्कि बदलाव में विश्वास रखते हैं।




केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने पूर्व बर्दवान जिले में मतदान के बाद शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च किया।

## गोकुल एजुकेशन फाउंडेशन ने लॉन्च किया आरआईएसएम, एआई और एयरोस्पेस आधारित विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय

**कोलकाता, समाज्ञा :** गोकुल एजुकेशन फाउंडेशन (मेडिकल) ने शिक्षा को भविष्य की आवश्यकताओं से जोड़ने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए 'रामैया इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट' (आरआईएसएम) नामक विश्व-स्तरीय स्टेम और प्रबंधन विश्वविद्यालय लॉन्च किया है। यह पहल यूनिवर्सिटी एट अल्बानी, स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क के साथ साझेदारी में की गई है। यह 'डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी' अगस्त 2026 से अपना पहला शैक्षणिक सत्र शुरू करेगी। आरआईएसएम को उद्योग-अनुकूल और वैश्विक दृष्टिकोण के साथ विकसित किया गया है, जहां एआई, एयरोस्पेस, कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल साइंसेज, बीबीए और एमबीए जैसे कार्यक्रम संचालित होंगे। विश्वविद्यालय में अनुसंधान, इंटर्नशिप, लाइव प्रोजेक्ट और कैपस्टोन असाइनमेंट के माध्यम से व्यावहारिक शिक्षा पर विशेष जोर दिया जाएगा। संस्थान का लक्ष्य छात्रों को बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुरूप तैयार करना है। प्रबंधन के अनुसार, यह मॉडल तकनीक, व्यवसाय और वास्तविक अनुभव को जोड़कर भविष्य के लिए सक्षम पेशेवर तैयार करेगा।

## एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने क्यूरेटेड क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने एक नए क्यूरेटेड क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो के लॉन्च की घोषणा की है। जिसे स्केलेबल, डिफरेंशिएटेड और जिम्मेदार कार्ड व्यवसाय को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। यह पोर्टफोलियो टियर-1 और टियर-2 शहरों के ग्राहकों की बदलती जरूरतों, खर्च की आदतों और लाइफस्टाइल को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। चार कार्डों में एयू अनंता (प्रीमियम ट्रैवल व लाइफस्टाइल), एयू लक्ष्य (मिड-करियर व जेन जी), एयू तेजस (युवा वेतनभोगी) और एयू प्रथमा (नए क्रेडिट यूजर्स) शामिल हैं। पोर्टफोलियो में वेलकम बेनिफिट्स, वार्षिक शुल्क रिवर्सल, ट्रैवल पर नो-कॉस्ट ईएमआई और जीरो प्रोसेसिंग फीस जैसे लाभ दिए गए हैं। सीओओ योगेश जैन ने कहा, भारत का क्रेडिट कार्ड बाजार निर्णायक मोड़ पर है, जहां ग्राहक प्रासंगिकता और सरलता चाहते हैं। यह पोर्टफोलियो ग्राहकों की पूरी क्रेडिट यात्रा को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

## आधार हाउसिंग फाइनेंस का मुनाफा 22% बढ़ा, एयूएम 30,571 करोड़ पर पहुंचा

**कोलकाता, समाज्ञा :** आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 और चौथी तिमाही के नतीजों में मजबूत वृद्धि दर्ज की है। कंपनी का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 20% बढ़कर 25,531 करोड़ से 30,571 करोड़ हो गया, जबकि सालाना डिस्बर्समेंट 17% बढ़कर 9,556 करोड़ रहा। टैक्स के बाद मुनाफा (पीएटी) 22% बढ़कर 1,108 करोड़ पहुंचा। चौथी तिमाही में पीएटी 27% बढ़कर 311 करोड़ और डिस्बर्समेंट 20% बढ़कर 3,087 करोड़ रहा, जो अब तक का उच्चतम स्तर है। 31 मार्च 2026 तक कुल लोन खाते 3.36 लाख से अधिक और नेटवर्थ 7,541 करोड़ रही। आरओए 4.4%, आरओई 15.9% और जीएनपीए 1.08% पर स्थिर रहा। एमडी एवं सीईओ ऋषि आनंद ने कहा कि 'अर्बन और इमर्जिंग' ब्रांच मॉडल, 626+ शाखाओं का विस्तार, पीएमएवाई योजनाएं और एआई निवेश कंपनी की वृद्धि को गति दे रहे हैं।

## पूर्व रेलवे का व्यापक स्वच्छता अभियान, नैहाटी और सियालदह में जागरूकता रैली आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने स्वच्छ और हरित पृथ्वी के संदेश को मजबूत करने के लिए नैहाटी और सियालदह रेलवे स्टेशनों पर बड़े स्तर पर स्वच्छता जागरूकता अभियान आयोजित किया। यह पहल पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर के स्वच्छ रेलवे जोन के



विजन से प्रेरित है। नैहाटी ग्रुप ऑफ भारत स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा नैहाटी रेलवे स्टेशन और रेलवे कॉलोनी में विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। इस अभियान में लोकप्रिय मास्कॉट्स मिकी माउस और छोटा भीम की भागीदारी ने बच्चों और परिवारों का विशेष ध्यान आकर्षित किया और स्वच्छता का संदेश सरल रूप में प्रस्तुत किया। स्काउट्स एंड गाइड्स बैंड टीम ने रैली का नेतृत्व किया और पोस्टर व प्लेकार्ड के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा और कचरा मुक्त भारत का संदेश दिया। अभियान के दौरान सदस्यों ने यात्रियों, दुकानदारों और रेलवे कॉलोनी के निवासियों से सीधे संवाद किया। उन्हें कूड़ा न फैलाने, डस्टबिन का उपयोग करने और स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने की अपील की गई। इसी के साथ, सियालदह स्टेशन पर भी पहला सियालदह ग्रुप ऑफ सियालदह डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन ऑफ स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। देश के व्यस्ततम रेलवे टर्मिनलों में से एक सियालदह पर यात्रियों की भारी भीड़ के बीच स्वच्छता संदेश प्रसारित किया गया। इस संबंध में पूर्व रेलवे के सीपीआरओ शिबराम माझी ने कहा कि ऐसे अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह जनमानस में व्यवहार परिवर्तन लाने का प्रयास हैं। उन्होंने कहा कि भारत स्काउट्स एंड गाइड्स जैसे अनुशासित संगठन के सहयोग से रेलवे का उद्देश्य केवल स्वच्छता ही नहीं बल्कि स्थायी सामाजिक जागरूकता विकसित करना है, जिससे रेलवे परिसर स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बन सके।

## भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर प्रतिमाएं स्थापित कर मनाया विजय जश्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत और लंबे समय से कथित भ्रष्ट सरकार के परिवर्तन की खुशी में राज्यभर में उत्सव का माहौल देखा जा रहा है। इस अवसर पर कैनिंग स्ट्रीट और एन.एस. रोड के चौराहे पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमाएं स्थापित कर विजय का जश्न मनाया गया। साथ ही आम जनता के बीच झालमुड़ी और लड्डू का वितरण किया गया। यह जानकारी भाजपा नेता भोला प्रसाद सोनकर ने दी। यह जीत जनता के समर्थन और परिवर्तन की इच्छा का परिणाम है, जिसे कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ मनाया।

# आवासीय परिसर के मतदाता 15 वर्षों में पहली बार मतदान कर पाये, आयोग की प्रशंसा होनी चाहिए : शुभेंदु अधिकारी



**कोलकाता, समाज्ञा :** भवानीपुर में निवर्तमान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को हराने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को कहा कि विधानसभा क्षेत्र के 45 आवासीय परिसरों के मतदाता '15 वर्षों में पहली बार' अपने मताधिकार का प्रयोग कर पाये और इसके लिए निर्वाचन आयोग और सुरक्षा बलों की सराहना की जानी चाहिए। शुभेंदु अधिकारी ने यहां मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात के बाद पत्रकारों से कहा कि वह राज्य में हिंसा मुक्त और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए राज्य की जनता की ओर से धन्यवाद देने आए थे, जिसमें कोलकाता पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों की सीधी भागीदारी रही। उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों में भवानीपुर के आवासीय परिसरों के मतदाता, निवासी तृणमूल कांग्रेस के गुंडों द्वारा अपनाई गई डराने-धमकाने की रणनीति के कारण मतदान नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि कम से कम 45 आवासीय परिसर हैं और निवासियों ने हमें बताया कि पिछले चुनाव में, उनके प्रवेश द्वार सुबह से ही बाहर से बंद कर दिए जाते थे और उन्हें दोपहर तक बाहर नहीं निकलने के लिए कहा जाता था। इस बार ऐसा नहीं हुआ। अधिकारी ने कहा कि इस बार ऐसे आवासीय परिसरों के निवासियों को अपने-अपने मतदान केंद्रों तक जाने में कोई समस्या नहीं हुई, वहीं निर्वाचन आयोग ने 20 आवासीय परिसरों के अंदर मतदान केंद्र भी स्थापित किए। उन्होंने कहा कि नतीजतन, हजारों मतदाता वर्षों बाद इस बार अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग कर सके और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे अपनी पसंद की पार्टी को वोट दे सके। ममता बनर्जी सरकार जनमत को लेकर इतनी अनिश्चित थी कि उन्होंने लोगों को वोट डालने तक नहीं दिया। परिणाम तृणमूल कांग्रेस सरकार की तानाशाही के प्रति आम मतदाता के असंतोष को साबित करते हैं। उन्होंने कहा कि यदि आप 2021 के विधानसभा और 2023 के पंचायत चुनावों के बाद की स्थिति से तुलना करें, तो उस समय हजारों हमले हुए थे। 2021 में हमारे 57 कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गई थी और कुल 12,000 प्राथमिकी दर्ज की गई थीं। तुलनात्मक रूप से, इस वर्ष प्राथमिकी की संख्या कम है, लेकिन फिर भी हम तृणमूल कांग्रेस गुटों द्वारा की गई ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए हर संभव कदम उठा रहे हैं।

# हावड़ा में मतदान के बाद राजनीतिक हिंसा पर 'जीरो टॉलरेंस' नीति, प्रशासन सख्त



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिला प्रशासन ने मतदान के बाद होने वाली राजनीतिक हिंसा को लेकर 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाने का निर्णय लिया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि किसी भी शिकायत पर रंग, दल या राजनीतिक पहचान देखे बिना सख्त कार्रवाई की जाएगी। बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में हावड़ा की जिलाधिकारी डॉ. पी. दीपाप प्रिया, पुलिस आयुक्त अखिलेश चतुर्वेदी और ग्रामीण जिला पुलिस अधीक्षक सुबिमल पाल ने यह जानकारी दी। इस दौरान केंद्रीय सुरक्षा बल के अधिकारी भी उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि जिले के कुछ क्षेत्रों में राजनीतिक हिंसा की घटनाएं सामने आई हैं, जिन पर तुरंत कार्रवाई की गई है। उदयनारायणपुर में हुई हत्या के मामले में मुख्य आरोपी सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रशासन ने सभी थानों को अलर्ट पर रखा है और 'क्विक रिस्पॉन्स टीम' लगातार गश्त कर रही है ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। स्थिति को सामान्य बनाए रखने के लिए प्रत्येक थाने में सर्वदलीय बैठकें आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही प्रशासन ने सभी प्रकार के विजय जुलूसों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि मंगलवार रात ही इस संबंध में आधिकारिक निर्देश जारी कर दिए गए हैं और अब किसी भी तरह का विजय जुलूस निकालने की अनुमति नहीं होगी।

# श्रीरामपुर में कानून-व्यवस्था होगी मजबूत, महिला सुरक्षा प्राथमिकता : भास्कर भट्टाचार्य

## नवनिर्वाचित विधायक ने कहा... 'कानून के भय से थर थर कांपेंगे अपराधी'



**हुगली समाज्ञा :** श्रीरामपुर विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक भास्कर भट्टाचार्य ने प्रेस वार्ता में अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करना और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी पहली जिम्मेदारी होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की राजनीतिक हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चुनाव के बाद कुछ लोगों द्वारा भगवा वस्त्र पहनकर अराजकता फैलाने की कोशिशों पर उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। भट्टाचार्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासन में हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं है और सरकार नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर कार्य करती है। उन्होंने जानकारी दी कि 9 मई को उनका शपथ ग्रहण होगा और आने वाले समय में श्रीरामपुर को नई पहचान देने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी के निर्देशानुसार किसी भी तृणमूल कांग्रेस समर्थक को भाजपा में शामिल नहीं किया जाएगा। महिला सुरक्षा को लेकर उन्होंने विशेष योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि एक समर्पित महिला पुलिस टीम बनाई जाएगी, जो रात में भी सक्रिय रहेगी ताकि महिलाएं बेखौफ घूम सकें। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की प्रतिशोधात्मक कार्रवाई को पार्टी समर्थन नहीं देती और यदि कोई व्यक्ति भगवा रंग का दुरुपयोग कर गलत कार्य करता है, तो उसके खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। विजय जुलूस पर उन्होंने कहा कि ऐसा कोई आयोजन नहीं होगा जिससे आम जनता को असुविधा हो। अंत में उन्होंने लोगों से अफवाहों से बचने और आधिकारिक स्रोतों से ही जानकारी लेने की अपील की।

# चुनाव बाद हिंसा पर प्रशासन सख्त, हिंसा की कोई जगह नहीं : डीएम खुर्शीद अली कादरी



**हुगली, समाज्ञा :** जिलाशासक कार्यालय में एक उच्च स्तरीय प्रशासनिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें हुगली जिला कलक्टर ने चुनाव बाद हिंसा को लेकर सख्त निर्देश जारी किए। कलक्टर खुर्शीद अली कादरी ने कहा कि हिंसा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। विधानसभा चुनाव 2026 के बाद हुगली जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। अधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि चुनाव के बाद होने वाली किसी भी हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, भारत सरकार की ओर से भी पोस्ट-पोल हिंसा के मामलों में कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए हर शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है।

हुगली जिले के चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट और ग्रामीण पुलिस क्षेत्रों में कुछ छिटपुट घटनाएं सामने आई हैं, लेकिन अब तक किसी बड़े पैमाने की हिंसा की सूचना नहीं है। जिले में पर्याप्त संख्या में केंद्रीय बल तैनात किए गए हैं, जबकि क्विक रिस्पॉन्स टीम लगातार गश्त कर रही है। आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने कंट्रोल रूम के नंबर जारी किए हैं और किसी भी प्रकार की अशांति की सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई का आश्वासन दिया है। जिला मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुरशिद अली कादरी (जिलाधिकारी), सुनील कुमार यादव (पुलिस कमिश्नर, चंदननगर), सनी राज (पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण) और अर्धसैनिक बलों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में साफ तौर पर कहा गया कि चुनाव के बाद हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। जिन लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज होगी, उन्हें गैर-जमानती धाराओं में गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं, गंभीर मामलों में पुलिस स्वतः संज्ञान लेकर केस दर्ज करेगी। प्रशासन ने यह भी चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, कुछ इलाकों से हिंसा और अशांति की खबरें सामने आई थीं, लेकिन स्थिति अब नियंत्रण में है और पूरे जिले में लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## शोभनदेब चट्टोपाध्याय के घर के बाहर जमा हुई भीड़, पुलिस को करना पड़ा हस्तक्षेप

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के भवानीपुर इलाके में मंगलवार की देर रात के बाद टीएमसी के निर्वाचित विधायक और पार्टी के वरिष्ठ नेता शोभनदेब चट्टोपाध्याय के घर के बाहर भीड़ जमा हो गई जिससे तनाव फैल गया। हालांकि, पुलिस के हस्तक्षेप के बाद भीड़ तितर-बितर हो गई। निवर्तमान वरिष्ठ मंत्री चट्टोपाध्याय ने बुधवार को बताया कि रात करीब 12 बजे रुपनारायण नंदन लेन पर स्थित उनके आवास के बाहर कुछ लोगों ने हंगामा किया। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व मेरे घर के बाहर इकट्ठा होकर नारेबाजी कर रहे थे। सुरक्षा कर्मियों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस पहुंची और उपद्रवी भाग गए। चट्टोपाध्याय ने हमलावरों को 'गुंडे' बताया और उन्हें किसी राजनीतिक दल से जोड़ने से इनकार किया। इस घटना को लेकर कोई औपचारिक प्राथमिकी दर्ज की गई है या नहीं, इस बारे में न तो चट्टोपाध्याय और न ही कोलकाता पुलिस ने कुछ स्पष्ट किया।

## 'समान काम के लिए समान वेतन' की मांग पर हावड़ा नगर निगम के संविदा कर्मचारियों का प्रदर्शन

हावड़ा, समाज्ञा : 'समान काम के लिए समान वेतन' की मांग पर हावड़ा नगर निगम के संविदा कर्मचारी लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं। राज्य में नई भाजपा सरकार के गठन के बाद यह मुद्दा एक बार फिर तेज हो गया है। इसी बीच, बुधवार को हावड़ा नगर निगम कार्यालय पहुंचे हावड़ा सदर के भाजपा अध्यक्ष गौरांग भट्टाचार्य को संविदा कर्मचारियों ने घेर लिया और अपनी मांगें रखीं। कर्मचारियों ने कहा कि नगर निगम के अधिकांश काम वही करते हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें सरकारी कर्मचारियों जैसी सुविधाएं नहीं मिलतीं। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें नौकरी की कोई सुरक्षा नहीं है और वे वर्षों से असमानता का सामना कर रहे हैं। उन्होंने नई सरकार से मांग की है कि लंबे समय से काम कर रहे इन कर्मचारियों को स्थायी किया जाए। साथ ही, उन्होंने 'समान काम के लिए समान वेतन' की व्यवस्था लागू करने की भी अपील की है, ताकि उन्हें उनके कार्य के अनुरूप उचित वेतन और अधिकार मिल सके।

## हावड़ा में झड़प के बाद बमबाजी, पार्टी कार्यालय में तोड़फोड़, 45 गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** उलुबेड़िया के बीरशिवपुर इलाके में तृणमूल कांग्रेस के पार्टी कार्यालय में तोड़फोड़ के बाद दो गुटों के बीच जमकर बमबाजी हुई। घटना के बाद दुकानें बंद हो गईं और यातायात पूरी तरह ठप हो गया, जबकि आम लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। पुलिस के अनुसार, इस दौरान पांच राहगीर सड़क पर गिरकर घायल हो गए। जिले के अन्य हिस्सों में भी छिटपुट हिंसा की घटनाएं सामने आईं। श्यामपुर में एक तृणमूल नेता के घर में तोड़फोड़ और लूटपाट की गई। वहीं, उदय नारायणपुर में एक भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता की हत्या की खबर है। पुलिस ने व्यापक अभियान चलाकर अब तक 45 लोगों को गिरफ्तार किया है। हावड़ा ग्रामीण जिला के पुलिस सुपर सुबिमल पाल ने कहा कि अशांति फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। वहीं, पूर्व मंत्री पुलक राय ने आमता के हानिधाड़ा इलाका में पार्टी कार्यालय को भगवा रंग से रंगे जाने का आरोप लगाया है।

## इंटाली में तृणमूल कार्यकर्ता की चाकू मारकर हत्या, एक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के इंटाली इलाके में मंगलवार देर रात एक युवक की चाकू मारकर हत्या की सनसनीखेज घटना सामने आई है। यह घटना मालिपाड़ा क्षेत्र में हुई, जिससे पूरे इलाके में तनाव फैल गया। मृतक की पहचान तापस नस्कर के रूप में हुई है, जिसे स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस घटना का कोई राजनीतिक संबंध नहीं है। कोलकाता पुलिस आयुक्त अजय नंद ने बताया कि यह मामला दो गैंगों के बीच आपसी विवाद का परिणाम प्रतीत होता है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृतक तृणमूल से जुड़ा था और एक प्रभावशाली नेता के करीबी होने के कारण इलाके में प्रमोटिंग कार्य करता था। उस पर अवैध गतिविधियों में शामिल होने के आरोप भी थे और उसके खिलाफ स्थानीय थाने में कई शिकायतें दर्ज थीं। चुनाव से पहले उसे चेतावनी दी गई थी और नजरबंद भी किया गया था, हालांकि बाद में वह क्षेत्र छोड़कर चला गया था और मतदान के बाद वापस लौटा था। घटना के बाद मृतक की पत्नी ने स्थानीय थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की जांच जारी है।

# चुनाव नतीजों के बाद पुलिस की सख्ती, कुख्यात बदमाश समेत तीन गिरफ्तार



**हुगली, समाज्ञा :** चुनावी नतीजों के बाद कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया है, ताकि आम नागरिक सुरक्षित माहौल में रह सकें। चंदननगर पुलिस आयुक्तालय के आयुक्त सुनील कुमार यादव के निर्देश पर पूरे जिले में अपराधियों की धरपकड़ तेज कर दी गई है। इसी अभियान के तहत श्रीरामपुर थाना पुलिस ने कुख्यात अपराधी रंजीत सिंह उर्फ 'केलो' सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये सभी चुनाव के दौरान इलाके से बाहर थे और परिणाम घोषित होते ही वापस आकर धमकी देने व वसूली करने की फिराक में थे। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी श्रीरामपुर के मानिकतला इलाके में इकट्ठा होकर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से दो वन-शटर बंदूक और दो कारतूस बरामद किए गए। श्रीरामपुर थाने में आयोजित प्रेस वार्ता में डीसीपी अर्नब विश्वास ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपी कुख्यात हैं और लंबे समय से वसूली, धमकी और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इलाके में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। गिरफ्तार आरोपियों को बुधवार को श्रीरामपुर अदालत में पेश किया जाएगा। इस प्रेसवार्ता में एसीपी जी अरविन्द और श्रीरामपुर थाना के प्रभारी बप्पी दे भी मौजूद रहे।

# कोलकाता हवाई अड्डे पर कारतूस ले जाने के पुराने मामले में तृणमूल पार्षद गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वैध दस्तावेजों के बिना कारतूस ले जाने के एक पुराने मामले में तृणमूल कांग्रेस के एक पार्षद को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी का नाम अमीरुल शेख इस्लाम है, जो बजबज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पुजाली नगरपालिका के वार्ड 14 से पार्षद है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी को मंगलवार की रात को हिरासत में लिया गया। उन्होंने बताया कि पिछले साल सितंबर में वह एक विमान से उड़ान भरने के लिए कोलकाता हवाई अड्डे पहुंचा था और उसके सामान से कारतूस बरामद हुआ था लेकिन वह निर्धारित समय में उसके लिए कोई वैध लाइसेंस दिखाने में असफल रहे। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के सब-इंस्पेक्टर गोपाल साव द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, घटना 21 सितंबर, 2025 की है जब आरोपी इंडिगो की उड़ान में सवार होने के लिए हवाई अड्डे पर पहुंचा था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि नियमित सामान जांच के दौरान यात्री के सामान में एक मैगजीन के साथ 7.65 एमएम के छह कारतूस बरामद हुए थे। अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने शुरू में दावा किया था कि उसके पास वैध लाइसेंस है और उसने दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए समय मांगा था। अधिकारी ने कहा कि चूंकि, वह एक निर्वाचित जन प्रतिनिधि है, इसलिए उसे आवश्यक कागजात प्रस्तुत करने के लिए सात दिन का समय दिया गया था। हालांकि, वह दिए गए समय के भीतर कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफल रहा। अधिकारी ने कहा कि इसके बाद, हवाई अड्डे के थाने में शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने कहा कि मामले में आगे की कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

# उतर हावड़ा से भाजपा की प्रचंड जीत, उमेश राय ने जनता और कार्यकर्ताओं को दिया श्रेय



**हावड़ा, समाज्ञा :** उतर हावड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की प्रचंड जीत के नायक उमेश राय ने अपनी सफलता का श्रेय क्षेत्र की जनता और पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं को दिया है। जीत के बाद उनके आवास और कार्यालय पर बधाई देने वालों का लगातार तांता लगा हुआ है। उत्साह से भरे कार्यकर्ताओं के बीच समाज्ञा के संपादक अनिल कुमार राय से बातचीत में उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास और कानून-व्यवस्था को मजबूत करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि जनसहयोग से इलाके में सकारात्मक बदलाव लाया जाएगा। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। बधाई देने वालों में उद्योगपति नलिन विलोचन, समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद राय और अविनाश कुमार सिंह शामिल थे।

# भर्ती घोटाला मामले में ईडी के समन पर रथीन घोष एवं सुजीत बोस नहीं हुए पेश



**कोलकाता, समाज्ञा :** भर्ती घोटाले के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच के दायरे में आए राज्य के दो निवर्तमान मंत्रियों ने बुधवार को केंद्रीय एजेंसी के समक्ष निर्धारित पेशी से अनुपस्थित रहे और अलग-अलग कारण बताते हुए और अधिक समय दिये जाने का अनुरोध किया। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक अधिकारी ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस के दोनों नेता (सुजीत बोस और रथिन घोष) शहर के पास सॉल्टलेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में जांचकर्ताओं के समक्ष पेश होने में असमर्थता व्यक्त कर रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि घोष ने एजेंसी को लिखे पत्र में कहा कि वॉशरूम में फिसलने से उनके पैर में चोट लग गई है और चिकित्सकों ने उन्हें लगभग 10 दिनों तक आराम करने की सलाह दी है क्योंकि उनके लिए चलना-फिरना मुश्किल हो गया है। बोस ने ईडी को लिखे अपने पत्र में कहा कि वे चुनाव के बाद हुई हिंसा से प्रभावित पार्टी कार्यकर्ताओं की सहायता में व्यस्त हैं और जांच एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए उन्होंने और अधिक समय मांगा।

# हावड़ा में बीजेपी का झंडा लगाकर उत्पात मचाने का आरोप, शिकायत दर्ज

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा शहर में कुछ अज्ञात युवकों पर बीजेपी का नाम और झंडा इस्तेमाल कर उत्पात मचाने का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि ये युवक खुद को बीजेपी समर्थक बताकर डीजे बजाते हुए सड़कों पर घूम रहे हैं और आम लोगों को परेशान कर रहे हैं। वे बाइक, ऑटो और टोटो पर बीजेपी के झंडे लगाकर विभिन्न इलाकों में सक्रिय हैं। इस मामले में बीजेपी की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई है। हावड़ा जिले के पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान राज्य कमेटी सदस्य देबांजल चटर्जी के नेतृत्व में शिवपुर, हावड़ा और बेंटरा सहित कई थानों में लिखित शिकायत दी गई। देबांजल चटर्जी ने आरोप लगाया कि चुनाव के समय लगे झंडों का दुरुपयोग कर कुछ अज्ञात युवक पार्टी की छवि खराब करने की साजिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये लोग तोड़फोड़, लूटपाट और मारपीट जैसी घटनाओं में भी शामिल हो सकते हैं, जिससे डर का माहौल बन रहा है। आम नागरिकों की शिकायतों के आधार पर यह कदम उठाया गया है और राज्य अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य के निर्देश पर पुलिस में मामला दर्ज कराया गया है। वहीं, हावड़ा सिटी पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मामले को गंभीरता से लेते हुए रात से ही अभियान शुरू किया जाएगा। हालांकि, इस मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस के हावड़ा चेयरमैन अरूप रॉय ने कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

# चुनाव के दौरान कार्यकर्ताओं पर हमले के आरोप, हुमायूं कबीर ने हाई कोर्ट का रुख किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनावी प्रक्रिया के दौरान मुर्शिदाबाद जिले में कथित रूप से सुनियोजित और समर्थित राजनीतिक हिंसा को रोकने में प्रशासन की विफलता का आरोप लगाते हुए हुमायूं कबीर ने कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने इन घटनाओं के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की मांग की है और अपने दल के कार्यकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ क्षेत्र में शांति-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। यह याचिका हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय पाल और न्यायमूर्ति पार्थसारथी सेन की डिवीजन बेंच में दायर की गई है, जिसकी सुनवाई इसी सप्ताह संभावित है। 23 अप्रैल को पहले चरण के मतदान के दिन हुमायूं कबीर पर हमला हुआ था, जिसमें उनकी गाड़ी की तोड़फोड़ की गई। इसके अलावा उनकी पार्टी आमजनता विकास पार्टी के कई कार्यकर्ताओं के साथ भी मारपीट और उत्पीड़न की शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। हुमायूं कबीर ने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान उनके कई कार्यकर्ताओं के घरों में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ की गई, जो संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 का उल्लंघन है। उन्होंने इसे सुनियोजित हिंसा बताया और कहा कि पुलिस ने कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की। उन्होंने अदालत से निष्पक्ष जांच, कार्यकर्ताओं की सुरक्षा और क्षेत्र में शांति-व्यवस्था बहाल करने के लिए हस्तक्षेप की मांग की है।

# नैजाट में पुलिस और केंद्रीय बल पर फायरिंग, ओसी समेत कई घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के नैजाट थाना अन्तर्गत संदेशखाली के बिटपोल इलाके से चुनाव बाद हिंसा की एक बेहद गंभीर घटना सामने आई है। मंगलवार की देर रात दो गुटों के बीच तनाव और हमले की सूचना पर हालात काबू में करने पहुंची पुलिस और केंद्रीय बल की टीम पर ही बदमाशों ने अचानक फायरिंग कर दी। इस हमले में नजात थाना प्रभारी (ओसी) भरत प्रसून पुरकायत समेत कई पुलिस कर्मी और केंद्रीय बल के जवान घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार, घटना में ओसी भरत प्रसून पुरकायत को कंधे और हाथ के पास गोली लगी है। महिला कॉन्स्टेबल मोनिका के सिर में गोली लगने की खबर है, जबकि राजबाड़ी आउटपोस्ट के सब-इंस्पेक्टर भास्वत गोस्वामी के पैर में गोली लगी है। इसके अलावा, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के दो जवानों के सीने में भी गोली लगने की सूचना मिली है। सभी घायलों को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है और फिलहाल हालत स्थिर बताई जा रही है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, राजबाड़ी आउटपोस्ट के अंतर्गत छोटे बिटपोल इलाके में तृणमूल नेता मशरफ मोल्ला के घर पर कुछ दुष्कर्मियों ने हमला और तोड़फोड़ की। इस घटना की सूचना पाकर नैजाट थाने की बड़ी पुलिस टीम और केंद्रीय बल मौके पर पहुंचे, लेकिन वहां पहले से मौजूद हमलावरों ने पुलिस को निशाना बनाते हुए फायरिंग शुरू कर दी, जिससे पूरा इलाका दहशत में आ गया। घटना के बाद बुधवार की सुबह केंद्रीय बल के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूरे इलाके का जायजा लिया। इस बारे में, बसीरहाट पुलिस जिला की एसपी अलकानंदा भवाल ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है। रात में ही त्वरित कार्रवाई करते हुए कई संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। फिलहाल, पूरे इलाके में भारी संख्या में पुलिस और केंद्रीय बल की तैनाती की गई है। संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है और किसी भी नई हिंसा को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

# तृणमूल के पार्टी कार्यालय में आग लगी, जांच में जुटी पुलिस



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के बेंटरा थाना क्षेत्र के बामनगाछी इलाके में स्थित तृणमूल कांग्रेस के पार्टी कार्यालय में आग लगने की घटना सामने आई है। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। फिलहाल, आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। स्थानीय तृणमूल सूत्रों के अनुसार, प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि यह आग जानबूझकर लगाई गई हो सकती है। कुछ लोगों ने इस घटना के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं पर आरोप लगाए हैं। हालांकि, भाजपा ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि उनका इस घटना से कोई संबंध नहीं है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। आग शॉर्ट सर्किट से लगी या इसके पीछे कोई साजिश है, इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है।

# काली चाय दिल को राहत पहुंचाए



ए.पी. भारती

दिल को दुरूस्त रखना हो तो रोजाना ब्लैक टी की चुस्की लें, वह भी कम से कम तीन कप। शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन के बाद कहा कि प्रतिदिन तीन कप ब्लैक टी पीने से हृदयाघात के खतरे को कम किया जा सकता। यही नहीं, ब्लैक टी पीने वाले कई प्रकार के कैंसर से भी बचे रहते हैं।

शोधकर्ताओं का कहना है कि इसके लिए फ्लेवोनॉयड्स नामक एंटीऑक्सीडेंट जिम्मेदार होते हैं। मालूम हो कि फ्लेवोनॉयड्स चाय में प्रचुर मात्रा में पाया जाने वाला रसायन है जो कोशिकाओं को क्षतिग्रस्त होने से बचाता है। इसके अलावा भी इसके कई फायदे हैं। यह दांत के एनामेल को घिसने से बचाने के साथ-साथ हड्डियों को भी मजबूत रखता है।

पब्लिक हेल्थ न्यूट्रीशनिस्ट डॉक्टर कैरी रक्स्टन द्वारा किए गए इस शोध में पाया गया कि प्रति दिन तीन कप ब्लैक टी पीने से सबसे ज्यादा फायदा होगा। हालांकि यह धारणा है कि चाय पीने से हड्डियां कमजोर हो जाती हैं लेकिन कई अध्ययनों में पाया गया है कि चाय पीने वालों की कमर की हड्डियां टूटने के मामले बहुत कम होते हैं। चाय के साथ दूध की अतिरिक्त मात्रा का सेवन करने से महिलाओं से शरीर में कैल्शियम की अधिकता भी पाई गई।

फलों व सब्जियों की तरह ब्लैक टी में भी शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट मौजूद होते हैं जो दिल की बीमारियों से रक्षा करने में मददगार होते हैं। ये एंटीऑक्सीडेंट आंत में हानिकारक जीवाणुओं को पनपने से रोकता है।

# अच्छे स्वास्थ्य के लिए जरूरी है किचन में हाइजिन

नीतू गुप्ता



सभी जानते हैं कि खाना बनाते समय हमें हाथ अवश्य धोने चाहिए। इसके साथ साथ यह भी जरूरी है कि जो हम पका रहे हैं, क्या वह साफ बरतनों में पक रहा है या नहीं और सब्जी को अच्छी तरह से धोया है या नहीं। विश्व हाइजिन काउंसिल के ताजा अध्ययन से पता चला है कि हम गृहणियां जो भोजन तैयार करती हैं, उनमें बैक्टीरिया के संक्रमण देखने को मिले हैं। वही भोजन खाकर हम और हमारा परिवार संक्रमित होता है।

विश्व हाइजिन काउंसिल के अनुसार अगर हम अपनी किचन हाइजिन पर ध्यान दें तो हम अपनी किचन को संक्रमण मुक्त रख सकते हैं। ऐसा कर हम स्वयं और अपने परिवार के सदस्यों को अच्छा स्वास्थ्य प्रदान कर सकते हैं। यह थोड़ा कठिन तो है पर नामुमकिन नहीं। आइए ध्यान दें कुछ विशेष बातों पर:-

* सभी सब्जियों, फलों और दालों को पहले पानी में भिगो कर रखें। धोते हुए रगड़ कर धोएं। फिर छीलें और काटें।
* मीट और सब्जियों को अलग अलग चाकू से काटें। उनके काटने के बोर्ड भी अलग-अलग रखें।
* कच्चे मीट को पकाने से पहले सिंक में न धोएं अन्यथा बेसिन में कीटाणु फैल जाएंगे। अगर धोना है तो किसी बर्तन में डालकर अच्छी तरह साफ कर धोएं, फिर सिंक साफ कर दें ताकि कीटाणु फैलने न पाएं।
* सिंक साफ करने वाले स्पंज को अलग रखें और प्रयोग करने के बाद उसे धो दें।

## खाना स्टोर करते समय रखें ध्यान

* कच्चे खाद्य पदार्थों को जैसे सब्जियां, फल आदि हैं, अलग -अलग पोलीपैक में रखें। सब्जियां और फल उनकी बनी बॉस्केट में ही रखें।
* पकी सब्जियों को ठंडा कर डिब्बाबंद कर फ्रिज में रखें ताकि उनकी महक दूसरे खाने में मिक्स न हो।
* फ्रिज में खाद्य पदार्थों को ठूंस कर न रखें। ठंडी हवा को घूमते रहने का स्थान दें।
* कच्चे मीट, अंडों और सी फूड को अन्य खाद्य पदार्थों से अलग रखें।

## हाथों को साफ रखने हेतु

* हाथों को खाली पानी में धोने से संक्रमण खत्म नहीं होते। इसके लिए हाथों को साबुन या लिक्विड सोप से अच्छी तरह धोएं और सूखे तौलिए से हाथों को पूरी तरह सुखा लें।
* जो तौलिया आप डिश सुखाने के लिए प्रयोग में ला रही हैं, उससे हाथ न पोंछें।
* खाना बनाने से पहले हाथ धोकर खाना बनाएं और खाना बना लेने के बाद भी हाथ अच्छी तरह धोएं।
* खाना सर्व करने से पूर्व भी हाथ धोएं और खाना खाने से पहले भी।
* कच्चे मीट और अंडे को धोने के बाद भी हाथ अच्छी तरह धोएं।

## कुकिंग के बाद की हिदायतें

* पोर्क, मीट, चिकन व अंडे को अच्छी तरह से पका कर खाएं।
* पके हुए भोजन को पकने के तीन घंटे बाद फ्रिज में खाना रख दें।
* बचे हुए खाद्य पदार्थ को पुनः प्रयोग में लाने से पूर्व उसे अच्छी तरह गर्म कर खाएं। बचे हुए गर्म किए भोजन को एक बार से अधिक प्रयोग में न लाएं।
* किचन स्लैब की हाइजिन का भी रखें ध्यान
* कच्चे खाद्य पदार्थ जिन जिन सतहों के संपर्क में आएं जैसे बर्तन, चापिंग बोर्ड, चाकू, स्लैब आदि, उन्हें साफ करना न भूलें, काटने से पूर्व भी और बाद में भी।
* गैस स्टोव की सफाई भी साथ-साथ करते रहें ताकि जब हम कलुछी या पौनी उस पर रखें वे संक्रमित न हों।
* खाने में प्रयोग आने वाले सभी मसालों के डिब्बे, तेल, चीनी, चाय, दालों के डिब्बों को ढक कर रखें।

काम खत्म होने के बाद चपाती बनाने वाले तवे, चकले, बेलन को साफ कर रखें। प्रयोग लाने से पूर्व भी उन्हें धोएं।

* बच्चों, बड़ों के टिफिन बॉक्स भी अच्छी तरह साफ कर, सुखा कर ही उसमें खाना पैक करें।
* गृहणियों को चाहिए स्वयं भी रसोई बनाते समय सफाई पर पूरा ध्यान दें और बच्चों को भी साथ साथ सफाई के महत्त्व के बारे में बताते रहें। (स्वा. द.)

# वजन न बढ़ने पाये बढ़ती उम्र में

नीतू गुप्ता

वजन बढ़ना अब एक अन्तर्राष्ट्रीय समस्या बनता जा रहा है जिसके कारण कई बीमारियां लोगों को समय से पहले घेरने लगती हैं। विशेषकर बढ़ती उम्र में अधिकतर लोगों का वज़न बढ़ जाता है जो परेशानी का कारण बन जाता है। कुछ तो उम्र बढ़ने के साथ लोगों में चुस्ती कम हो जाती है और कुछ लोग अपने शरीर के प्रति केअरलेस होते चले जाते हैं जबकि स्वस्थ जीवन हेतु वजन पर नियंत्राण रखना आवश्यक है। उम्र के साथ अपने खाने पर नियंत्रण रखना भी जरूरी होता है क्योंकि उम्र के साथ शरीर कम कैलोरी बर्न करता है, इसलिए अभी भी हम उतना ही भोजन खाएंगे जितना हम जवानी में खाते थे तो उसका परिणाम क्या होगा। वह खाना शरीर पर चर्बी के रूप में जमा होता जाएगा। बढ़ती उम्र में आप इस समस्या से बच कर रहें, इसके लिए कुछ बातों पर अमल करें:-

पानी अधिक पिएं। पानी के साथ-साथ ऐसे ड्रिंक्स लें जिनमें कैलोरी की मात्रा न के बराबर हो। यदि आप अल्कोहल, सॉफ्ट ड्रिंक्स के शौकीन हैं तो इसे अपनी दिनचर्या से अलग कर दें। पार्टी आदि में जाएं तो नींबू पानी, सादा पानी, छाछ आदि का सेवन करें ताकि आप एक्स्ट्रा कैलोरी लेने से स्वयं को बचा सकें।


अपने वज़न को काबू में रखने के लिए प्रतिदिन कुछ समय व्यायाम, योगा या किसी खेल को दें ताकि वजन बढ़ने न पाये। व्यायाम करने से शरीर को ऑक्सीजन मिलती है और हृदय तेजी से पंप करेगा। इन सबसे कमर पतली बनेगी और चर्बी जमा नहीं होगी।

यदि आप सैर करते हैं तो सैर करते समय स्पीड तेज रखें और धीरे-धीरे सैर का समय भी बढ़ा दें। सैर के लिए बाहर नहीं जा सकते तो घर में टेऋडमिल पर चलें। व्यायाम कम से कम दिन में एक घंटा अवश्य करें। प्रतिदिन 1 घंटा ईमानदारी से योगाभ्यास करके भी अपना वजन काबू में रख सकते हैं।

सबसे आवश्यक है खाना। खाना पोषक ही खाना चाहिए। खाने में फल और सब्जियों की मात्रा अधिक रखें। जंक फूड को स्थान न दें। कच्ची सब्जियों और फलों से शरीर को विटामिन्स, मिनरल्स और रेशा पर्याप्त मात्रा में मिलता है जो शरीर की शुद्धि हेतु जरूरी होता है। इन चीज़ों से शरीर स्वस्थ भी रहेगा और वजन भी नहीं बढ़ेगा।

शाम के स्नेक्स में भुने चने, भुने नमकीन लें पर सीमित मात्रा में। सुबह नाश्ते में अंकुरित दाल या नमकीन दलिया ले सकते हैं। गरिष्ठ भोजन का सेवन बढ़ती उम्र में नुक्सान पहुंचाता है। उसका सेवन न करें । कम वसा वाला भोजन लें। चपाती का सेवन भी थोड़ा कम कर दें जैसे 3 के स्थान पर 2 और 2 के स्थान पर डेढ़ ताकि वज़न बढ़ने न पाए। (स्वा. द.)

# हल्का न लें मुंह के छालों को



नीतू गुप्ता

मुंह में छालों का होना एक आम समस्या है। कभी गर्म गर्म खा या पी लिया, तब भी जीभ पर, होंठों पर और अंदर छाले पड़ जाते हैं जो स्वतः पांच सात दिन में ठीक हो जाते हैं। कभी कभी छाले ज्यादा देर तक बने रहते हैं जो खाते समय तकलीफ देते हैं या उनसे खून निकलता है तो डाक्टर से इन छालों की जांच अवश्य करवा लें क्योंकि छाले माउथ अल्सर भी हो सकते हैं।

## क्यों होते हैं छाले

- ज्यादा मसालेदार भोजन खाने से।
  ज्यादा गर्म खाद्य पदार्थ और पेयों का सेवन करने से।
- दांतों की सफाई ठीक न करने से।
  ऐसे खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन करने से जिनमें एसिड की मात्रा अधिक हो।
- शरीर में विटामिन बी और आयरन की मात्रा सामान्य न होने से।
- किसी खाद्य पदार्थ से एलर्जी होने के बावजूद उस खाद्य पदार्थ का बार बार सेवन करने से।
- मुख्यतः मुंह में छाले तीन तरह के होते हैं, साधारण, गंभीर और हेरपेटीफार्म।
- साधारण छाले अक्सर लोगों को हो जाते हैं। इनका आकार बड़ा नहीं होता और तकरीबन आठ से 10 दिन में ठीक भी हो जाते हैं।
- गंभीर छाले 10 में से 1 व्यक्ति के होते हैं। इनका आकार बड़ा होता है। हेरपेटीफार्म छाले अधिकतर 10 से 40 वर्ष तक की उम्र के लोगों में होते हैं। इनका भी आकार अधिक बड़ा नहीं होता। इसे पिनप्वाइंट अल्सर के नाम से भी जाना जाता है। इस अल्सर से 10 प्रतिशत लोग पीड़ित होते हैं।

## बचाव के लिए करें

- जो लोग छालों से परेशान रहते हों, उन्हें अपने आहार में विटामिन सी का खास ख्याल करना चाहिए। संतरों का रस प्रतिदिन पिएं।
- मसालेदार भोजन का सेवन करने से बचें।
- पानी खूब पिएं और फलों का सेवन भी अधिक करें।
- खाने में हरी सब्जियों को विशेष स्थान दें। कच्चे प्याज का प्रयोग भी करें।
- सलाद में टमाटर की मात्रा अधिक लें। सर्दियों में टमाटर जूस भी ले सकते हैं।
- चॉकलेट का सेवन कम से कम करें। जिन दिनों मुंह में छाले हों, उन दिनों चॉकलेट का सेवन बिल्कुल न करें।
- खाने के बाद हर्बल चाय लें, लाभ मिलेगा।
- 1 चम्मच धनिया पाउडर को एक कप पानी में उबालें। ठंडा होने पर दिन में दो तीन बार गरारे करें।
- ग्लिसरीन में हल्दी का पाउडर मिला कर अल्सर वाले स्थान पर लगाएं और 15-20 मिनट बाद साफ कर लें।
- कब्ज न होने दें।
- विटामिन बी कैप्सूल का सेवन कुछ दिन तक नियमित करें जिन दिनों छाले हों। (स्वा. द.)

# पौष्टिक आहार है पनीर

दूध, चिकनाई रहित दूध, छाछ अथवा क्रीम से बनाया जाने वाला वह पौष्टिक पदार्थ जो भोजन में मांस के स्थान पर प्रयुक्त किया जाता है, पनीर कहलाता है। यह कैल्शियम तथा प्रोटीन का मुख्य स्रोत होता है। 450 ग्राम पनीर में 1780 कैलोरी ऊर्जा होती है। पश्चिमी देशों में पनीर का अधिक इस्तेमाल किया जाता है। विश्व में पनीर की लगभग 18 किस्में मौजूद हैं। इन्ही किस्मों के लगभग 400 नाम हैं। एक ही किस्म को विभिन्न देशों एवं प्रांतों में विभिन्न नामों से पुकारा जाता है।

पनीर की मुख्यतः दो किस्में हैं (1) दृढ़ पनीर (2) मृदु पनीर। दृढ़ पनीर में वे अर्द्ध दृढ़ किस्में भी सम्मिलित होती हैं जो फफूंदी तथा शुक्राणुओं द्वारा पकायी जाती हैं जैसे ब्रिक पनीर। दृढ़ पनीर में वे किस्में भी सम्मिलित होती हैं जो अति दृढ़ होती हैं तथा जिनमें गैस के छिद्र होते हैं अथवा नहीं होते हैं जैसे चेड्डर पनीर व एडम (बगैर छिद्रवाली दृढ़ जाति)।

भारत में मध्यम स्वाद वाला पनीर अधिक पसंद किया जाता है। भारत में पसंद की जाने वाली प्रमुख किस्मों में कॉटेज पनीर, चेड्डर पनीर तथा परिशुद्ध पनीर मुख्य हैं। कॉटेज पनीर चिकनाई रहित दूध से बनाया जाता है जिसमें मांस से भी अधिक मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है।

परिशुद्ध पनीर को चेड्डर ब्रिक तथा स्विस आदि पनीरों को पकाकर तैयार किया जाता है। भैंस के दूध से तैयार चेड्डर पनीर गाय के दूध से तैयार किए गये पनीर की अपेक्षा अधिक नम होता है। इसमें प्रोटीन तथा चिकनाई की मात्रा भी कम होती है। इसे तैयार करने में अधिक समय लगता है।

**तैयार करने की विधि:-**

सर्वप्रथम स्वच्छ एवं ताजे दूध को मलमल के कपड़े में अच्छी तरह से छानकर 62 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान पर 30 मिनट तक गर्म किया जाता है। तत्पश्चात 15 सेकंड तक लगभग 72 डिग्री सेंटीग्रेट तापक्रम पर गर्म करके 30 डिग्री सेंटीग्रेड तापक्रम तक ठंडा होने देते हैं।

इसके पश्चात इसमें दुग्धाम्ल जीवाणु 0.5 से 1 प्रतिशत तक मिलाते हैं। रैनेट मिलाने से दूध का कैसीन या छेना 30 से 45 मिनट में जम जाता है जिसे एक विशेष प्रकार के चाकू से छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लिया जाता है। फिर इन कटे हुए टुकड़ों को गर्म पानी द्वारा गर्म किया जाता है। गर्म होने पर ये टुकड़े मट्ठा या तोड़ में तैरते रहते हैं जिन्हें लगभग एक घंटे तक गर्म किया जाता है। उसके पश्चात टुकड़ों को निकालकर उन्हें दबाकर तोड़ को पूरी तरह निकाल कर टुकड़ों में नमक मिला दिया जाता है।

चेड्डर पनीर की अपेक्षा छेना में प्रोटीन की मात्रा अधिक होती है क्योंकि दूध को उबालने से पनीर जल के प्रोटीन का भी क्लाटन हो जाता है। दूध में वसा की मात्रा जितनी अधिक होती है उतनी ही अधिक वसा की मात्रा पनीर जल में होगी जैसे भैंस के दूध का प्रयोग करने पर होता है।(स्वा. द.)

# दीर्घायु प्रदाता है दही

विपिन कुमार

दही स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त गुणकारी भोज्य माना गया है। आयुर्वेदीय ग्रन्थों चरक संहिता, सुश्रुत-संहिता व अष्टांग-संग्रह आदि ने इसे त्रिदोषनाशक तथा बल, वीर्य, मांसवर्धक बताते हुए अमृत समान कहा है। आज वैज्ञानिक भी इसकी महत्ता को समवेत स्वर में स्वीकारते हैं।



सारांश में दही के लाभों को हम निम्न रूप में जान सकते हैं:-

* दही आंत के क्षार के कणों को घटाता है जिससे आंत का लचीलापन बढ़ता है, पाचनक्रिया तेज होती है और मंदाग्नि, अपच, कब्ज तथा गैस की बीमारियों से मुक्ति मिलती है।
* दही में पाए जाने वाले जीवाणु शरीर के अनेक रोगोत्पादक जीवाणुओं को नष्ट करते हैं। ये भोजन को पेट में सड़ने से बचाते हैं तथा जीवनी-शक्ति एवं मस्तिष्क को बल प्रदान करते हैं।
* लैक्टिक एसिड की कमी से शरीर में शिथिलता आती है, त्वचा पर झुर्रियां पड़ जाती हैं, बाल सफेद होने लगते हैं एवं बुढ़ापा असमय ही दरवाजे पर दस्तक दे जाता है। दही में लैक्टिक एसिड की प्रचुरता होती है। अतः इसके सेवन से इन व्याधियों से मुक्ति मिल जाती है।
* रक्त में क्षार की मात्रा बढ़ने से शरीर के जोड़ों पर सूजन आ जाती है जिससे गठिया का रोग हो सकता है। * दही का सेवन रक्त के क्षार को घटाकर गठिया होने से बचाता है।
* दही में पर्याप्त चिकनाई होने पर भी नलिकाओं में कॉलेस्ट्राल के जमाव का खतरा नहीं रहता-कारण दही में लैक्टिक एसिड जीवाणु एवं कैल्शियम की अधिकता होती है जो प्रोटीन आदि जटिल पदार्थों को शीघ्र ही पचा देता है।
* लस्सी आदि के रूप में दही का सेवन चर्बी को घटाता है तथा रक्त कॉलेस्ट्राल को घटाकर हृदय रोग से बचाता है।
* दही का पानी तोड़ या तक्र अत्यन्त सुपाच्य एवं पौष्टिक होता है। इसके सेवन से थकावट दूर होती है तथा आंतों को पोषण मिलता है।
* अतिसार, विषम-ज्वर, भोजन में अरूचि, मूत्राकृच्छ आदि बीमारियों में भी दही सेवन अत्यन्त लाभदायक है।
* यकृत एवं आंतों के रोग, संग्रहणी, मंदाग्नि, मधुमेह, पेट के कीड़े, उल्टी, पतले दस्त आदि में दही के साथ सेंधा नमक, भुना एवं पिसा जीरा मिलाकर खाने से लाभ पहुंचता है।
* गर्मी के दिनों में दही की लस्सी, शर्बत आदि का सेवन अत्यन्त पुष्टिकारक एवं शीतलता प्रदायक होता है।
* स्पष्ट है दही के सेवन से अनेक बीमारियां दूर होती हैं और व्यक्ति दीर्घायु को प्राप्त होता है किन्तु गरम, अधिक खट्टा, घी के साथ, रात को एवं वर्षा ऋतु में दही खाने से दोष उत्पन्न होते हैं। लकवा के मरीज तथा ठण्डी प्रकृति वालों के लिए भी इसका सेवन वर्जित है। कारण इसका सेवन पोषण की जगह हानि प्रदान करता है। (स्वा. द.)

# कड़वा नीम, अत्यन्त गुणकारी

प्रकृति-प्रदत्त गुणकारी वृक्षों में एक है नीम, जिसका कड़वापन जग प्रसिद्ध है परन्तु यह अत्यंत गुणकारी है। यह वातावरण को शुद्ध करता है एवं इसकी शीतल हवा का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। इसी कारण सर्पदंशन एवं चेचक (स्मॉलपॉक्स) में इसकी टहनियों से हवा की जाती है। एक्साडिरेक्टा इण्डिका वैज्ञानिक नाम से प्रसिद्ध इस वृक्ष के प्रस्तुत हैं कुछ उपयोगी गुण:-

- नीम के पत्ते को महीन पीसकर फोड़े/बालतोड़ पर रख कर पट्टी बांध देने से फोड़ा पक कर फूट जाता है, घाव भी भर जाता है।
- नीम तेल की मालिश से गठिया, जोड़ों का दर्द और आमवात में आराम आ जाता है।
- नीम एवं बेर के पत्ते को पानी में उबाल कर ठण्डा होने दें। इस पानी से बाल धोने से बाल घने और लम्बे होते हैं। ध्यान रखें कि पानी आंख में न जाएं।
- चैत्र शुक्ल पक्ष में नीम के कोमल 15-20 पत्ते खूब चबा-चबाकर खाने से रक्त शुद्ध होता है और चर्म रोग से मुक्ति मिलती है। ज्वरादि विकार नहीं होते और शरीर स्वस्थ रहता है।
- नीम का तेल केरोसिन तेल में 10 मिली लीटर में मिलाकर लैम्प व लालटेन में जलायें। इनमें उत्सर्जित धुंए से मच्छर भाग जाते हैं। ◆ इसका शरीर पर कोई बुरा प्रभाव भी नहीं होते।
- नीम तेल में कपूर मिलाकर लगाने से पित्ती में लाभ होता है।
- नीम के दातुन करने से पायरिया मिटता है।
- नीम की ताजा कोपलें/पत्ती चालमोंगरा के तेल में जलाकर तेल को एक्जिमा पर लगाने से लाभ होता है। (स्वा. द.)

# पर्सनल हाइजिन के प्रति आप कितने सचेत हैं?

राकेश कुमार



देखा जाये तो अधिकांश लोग अपनी पर्सनल हाइजिन के प्रति लापरवाह होते हैं जिसके अभाव में छोटी बड़ी बीमारियों को बिना बुलाये आमंत्रण मिल जाता है।

आपको आश्चर्य होगा कि हाइजिन शब्द यूनान की देवी के नाम पर लिया गया है। पर्सनल हाईजिन का सीधा सा अर्थ है व्यक्तिगत स्वास्थ्य का ध्यान रखना। हाइजिन नाम पवित्र देवी के नाम पर होने से पर्सनल हाइजिन की महत्ता स्वयं ही सुस्पष्ट हो जाती है।

मनुष्य के स्वास्थ्य पर वंश तथा वातावरण का प्रभाव खासतौर से पड़ता है। अच्छे स्वास्थ्य हेतु दोनों ही एक दूसरे के पूरक हैं। अच्छे स्वास्थ्य के लिये निम्नलिखित बातों पर सजगता रखनी होगी। मनुष्य को अच्छे स्वास्थ्य हेतु स्वयं पर संयम रखना होगा जिसमें निद्रा, नशीले पदार्थों का सेवन, उत्तेजक पेय, नित्य क्रियाओं की आदत, व्यायाम, वस्त्र, भोजन की बातें सम्मिलित की जाती हैं। शरीर, वस्त्र, भोजन तथा वातावरण की स्वच्छता जरूरी है।

नींद शरीर को स्वस्थ रखने तथा थकावट भगाने की औषधि है। वयस्कों हेतु 8 घंटे तथा बच्चों हेतु 12-14 घंटे नींद पर्याप्त है। वैसे अधिक निद्रा से दिमागी शिथिलता तो अल्पनिद्रा से चिड़चिड़ापन तथा एकाग्रता में कमी होती हैं। खाने के तुरंत बाद सोने से मंदाग्नि व अपच होती है।

अफीम, चरस, नींद की गोलियों से हृदयरोग, रक्तचाप, अनिद्रा रोग हो सकते हैं। नशीले पदार्थों से स्नायु ढीले होते हैं, चक्कर आते हैं। उत्तेजक पेयों में चाय, काफी, कहवा, धूम्रपान, तम्बाकू भी पर्सनल हाइजिन को खतरा पहुंचाते हैं। इनसे भी स्नायु रोग व अनिद्रा रोग हो सकते हैं।

प्रतिदिन निश्चित समय पर शौच जायें नहीं तो मितली, सिरदर्द व स्वाद में कमी हो सकती हैं। वैसे शौच जाने से पहले कुल्ला कर खाली पेट पानी पीना अच्छा है।

पर्सनल हाइजिन के लिये व्यायाम भी जरूरी है। याद रखें, खाने के तुरंत बाद व्यायाम करना हानिकारक हैं। व्यायाम से फेफड़े मजबूत और प्रतिरोधी क्षमता में वृद्धि होती है।

आपके चलने-फिरने, उठने बैठने की मुद्रायें भी चुस्त और आकर्षक होनी चाहिये।

वस्त्र शरीर से हटकर हैं परन्तु इनसे सौन्दर्य की वृद्धि तथा मानसिक प्रसन्नता प्राप्त होती है। ऊनी वस्त्रों का प्रयोग सर्दी में करें जो ताप के कुचालक हैं। गीले वस्त्र गठिया और दाद को निमंत्रण देते हैं।

**आहार:-**

भोजन पौष्टिक एवं संतुलित होना चाहिये। आप हरी सब्जियां खायें तथा खाने के बाद ज्यादा पानी न पियें।

आंखों को शीतल पानी से धोना चाहिये। पढ़ने के लिये आंख और पुस्तक की दूरी 10-12 इंच होनी चाहिये।

**मुंह:-**

दांत और नाखूनों की सफाई भी अनिवार्य है। मुंह-दांत साफ न करने से पायरिया रोग हो सकता है। दांत के साथ मसूड़ों की मालिश करने से दंतक्षय रुकता है। बड़े नाखून जाने अनजाने में सैकड़ों हानिकारक सूक्ष्म जीवाणु आपके पेट में पहुंचा देते हैं जिससे कृमि होने की संभावनायें बढ़ जाती हैं।

त्वचा और शरीर की सफाई भी प्रतिदिन होनी चाहिये। इसके लिये शीतल जल स्नान, कुनकुने पानी से स्नान, सूर्य स्नान कोई भी लाभदायक विधि चुनी जा सकती है। सूर्य स्नान में मालिश करने के बाद ठंडे जल से नहाएं । जांघ, कॉख के साथ लिंग की सफाई भी जरूरी है। लिंग के शिश्न पर जमा पदार्थ स्त्री में गर्भाशय कैंसर को बढ़ावा देता है।

अच्छे स्वास्थ्य के लिये भोजन भी स्वच्छ होना चाहिए। आप कच्चे फल खाने के पहले साफ जल से कई बार या पोटेशियम परमेगनेट से धोकर खायें। शीतल जल और बर्फ पर्सनल हाइजिन के लिये घातक हैं।

व्यक्तिगत स्वास्थ्य में हाइजिन रखने के साथ रोगों का बचाव भी होना चाहिये। इसके लिये समय-समय पर प्रतिरक्षक टीके लगवाने चाहिये। यदि आप जहां रहते हैं, उस स्थान पर वायरस फीवर, दण्डक फीवर, गर्दन तोड़ फीवर, कंजेक्टिवाइटिस ज्वर का प्रकोप फैला हो तो तरूणताल, जिम, होटल जैसे सार्वजनिक स्थलों से बचें।

पर्सनल हाइजिन की सारी तामझाम को अपनाने एवं दोहराने के बाद भी आप स्वस्थ नहीं रहेंगे जब तक कि आप सदा प्रसन्नचित, चिंतामुक्त नहीं रहेंगे। अपने आप पर तथा ईश्वर में विश्वास रखें। (स्वा. द.)

# गर्मियों में पहनें सूती वस्त्र



वस्त्रों का सही चुनाव व्यक्तित्व में निखार पैदा करता है। वस्त्रों का चुनाव करते समय न केवल उम्र व फैशन बल्कि मौसम की ओर ध्यान देना भी अति आवश्यक है। मौसम के अनुसार वस्त्र पहनने से आरामदायक तो होते ही हैं, साथ ही व्यक्तित्व में भी निखार पैदा करते हैं। सर्दियों में तो वस्त्रों का चुनाव करना मुश्किल नहीं होता परन्तु गर्मियां अपने साथ कड़कती धूप लेकर आती हैं। गर्मी की गर्माहट में अगर थोड़ा-सा सोच कर कपड़े पहने जाएं तो ये न केवल अच्छे लगेंगे बल्कि आपको गर्मी के दिन भी ठंडक व ताजगी प्रदान करेंगे।

गर्मी में हमें हल्के, शीतलता प्रदान करने वाले वस्त्र पहनने चाहिएं। ये सभी विशेषताएं होती हैं सूती कपड़े में। सूती कपड़े गर्माहट खत्म कर शरीर को ठंडक प्रदान करते हैं। गर्मियों में नायलोन, सिल्क आदि वस्त्रों को बिल्कुल नहीं पहनना चाहिए क्योंकि ये पसीने को सोखते नहीं हैं। साथ ही ये हवा को शरीर तक पहुंचने में बाधा उत्पन्न करते हैं।

इन्हें गर्मियों में पहनने से गर्मी अनुभव होती है। ये वस्त्र धोने में तो आसान होते हैं साथ ही जल्दी सूखने वाले होते हैं परन्तु गर्मियों में ये अनुकूल नहीं होते। पिछले कुछ सालों से तो सूती वस्त्रों के प्रति यह धारणा भी बदल गई है कि ये आकर्षणहीन होते हैं।

सूती वस्त्रों के प्रति बढ़ते क्रेज का उदाहरण आप आज डिजाइनरों द्वारा इनके बढ़ते प्रयोग से देख सकते हैं।

कुछ सूती वस्त्रों में थोड़ा-सा सिंथेटिक तंतु भी मिला होता है ताकि इन पर सिलवटें कम पड़ें व वस्त्र ज्यादा देर चलें परन्तु ऐसे वस्त्र का भी चयन करते समय ध्यान रखें कि यह सिंथेटिक 25 प्रतिशत से अधिक न हो नहीं तो आपकी त्वचा सांस नहीं ले सकेगी।

भारतीय सूती वस्त्रों की मांग विदेशों में भी कुछ कम नहीं परन्तु हमारे देश में सूती वस्त्र बहुत ही कम कीमतों में उपलब्ध हैं। सूती वस्त्रा न केवल सस्ते बल्कि टिकाऊ भी होते हैं। सिंथेटिक वस्त्रों की तुलना में इनकी कीमतें काफी कम हैं। साड़ी, सूट, टीशर्ट आदि सभी वस्त्रों को बनाने में सूती कपड़े का प्रयोग बढ़ता ही जा रहा है।

त्वचा को इंफेक्शन से बचाने के लिए सूती कपड़े का प्रयोग उत्तम है। अगर आपको त्वचा संबंधी कोई रोग हो तो डॉक्टर आपको सूती वस्त्रा पहनने की ही सलाह देते हैं क्योंकि त्वचा के स्वास्थ्य के लिए सबसे अच्छे सूती वस्त्र हैं। सूती वस्त्र त्वचा को सूखेपन व सनटैन से बचा कर रखते हैं।

गर्मियों में वस्त्रों का चुनाव करते समय रंगों के चुनाव को भी गंभीरता से लेना चाहिए। गर्मियों में हल्के रंगों का चुनाव करें जो उष्णता समाप्त कर शीतलता प्रदान करें। पेस्टल शेड्स हल्का हरा, हल्का नीला, गुलाबी,सफेद रंग पहनें। लाल, हरा, नीला, संतरी आदि गाढ़े रंग बिल्कुल न पहनें। विशेष अवसरों जैसे शादी या पार्टी के अवसर पर अगर आप सूती वस्त्रा पहनना पसंद नहीं करते तो जार्जेट, चंदेरी, शिफान भी पहन सकते हैं परन्तु रेशमी वस्त्रों का प्रयोग बिल्कुल न करें। (उर्वशी)

# 'ऑपरेशन सिंदूर' : भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति में बड़ा बदलाव आया

**नयी दिल्ली :** पिछले साल पहलगाम आतंकी हमले के कुछ हफ्तों बाद शुरू किए गए ''ऑपरेशन सिंदूर'' ने ड्रोन के व्यापक उपयोग, नेटवर्किंग और लक्ष्य विश्लेषण एवं पहचान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के एकीकरण के जरिये भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति में एक बड़ा बदलाव लाया। इस अभियान को सीमा-पार आतंकवाद को लगातार समर्थन देने के लिए पाकिस्तान को दंडित करने के संबंध में पिछले आधी सदी में भारतीय सेना के सबसे व्यापक बहु-क्षेत्रीय युद्ध मिशन के रूप में वर्णित किया गया। इसने भारत के समग्र सुरक्षा और रणनीतिक लक्ष्यों को पुनर्परिभाषित किया। भारत की इस कार्रवाई को व्यापक रूप से आतंकवाद के समर्थन के लिए पाकिस्तान को करारा जवाब देने की उसकी राजनीतिक इच्छाशक्ति के प्रदर्शन के रूप में देखा गया। इसके साथ ही, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट किया कि भारत इस्लामाबाद की किसी भी परमाणु धमकी को बर्दाश्त नहीं करेगा। अभियान के बाद पिछले एक वर्ष के दौरान, भारत की तीनों सेनाओं ने नये प्लेटफॉर्म, मिसाइलों और विभिन्न प्रकार के लंबी एवं छोटी दूरी के ड्रोन की खरीद के साथ-साथ समग्र वायु रक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए व्यापक योजनाएं, रणनीतियां और नीतिगत पहल तैयार की हैं, ताकि उनकी युद्धक तैयारी को और सुदृढ़ किया जा सके। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने पिछले साल सात मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया। इसके तहत भारत




ने पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में स्थित नौ आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिसमें कम से कम 100 आतंकियों के मारे जाने की बात कही गई। आतंकी शिविरों पर किए गए हमलों में बहावलपुर स्थित जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) का मुख्यालय, मुरीदके स्थित लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा और सियालकोट के महमूना जोया, मुजफ्फराबाद के सवाई नाला और सैयद ना बिलाल, कोटली के गुलपुर और अब्बास, भीमबर के बरनाला और सरजल में स्थित आतंकी ढांचे शामिल थे। इस कार्रवाई से पाकिस्तान के साथ तनाव में तेजी से वृद्धि हुई और पाकिस्तान ने जवाबी हमले किए, हालांकि उनमें से अधिकांश को भारतीय सेना ने विफल कर दिया। दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों के बीच हॉटलाइन पर बातचीत के बाद 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनने के साथ ही सैन्य संघर्ष समाप्त हो गया, लेकिन इस घटना ने भारत की सैन्य शक्ति को बढ़ाने की आवश्यकता को उजागर कर दिया। भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया, लेकिन सेना के तीनों अंगों ने इन संघर्षों से विश्लेषण कर अपनी अभियानगत रणनीतियों को और बेहतर बनाने तथा उन्नत तकनीकों एवं प्लेटफॉर्म के एकीकरण पर काम किया। तीनों सेनाएं विशेष रूप से मानव रहित प्लेटफॉर्म की खरीद और उच्चस्तरीय तकनीकों के समावेशन पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं, जिनमें लक्ष्य पहचान और निगरानी के लिए एआई का उपयोग भी शामिल है। भारत ने पिछले एक साल में अपनी सैन्य शक्ति में उल्लेखनीय वृद्धि की है और इसका श्रेय सैन्य क्षमता बढ़ाने के लिए सरकार के समग्र दृष्टिकोण को जाता है। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ''ऑपरेशन सिंदूर' से सीखे गए सबक निश्चित रूप से लागू किए जा रहे हैं। संघर्ष के बाद के महीनों में सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति और प्राथमिकताओं के अनुरूप कई बड़ी खरीद परियोजनाओं को मंजूरी दी।

## विजय ने सरकार बनाने का दावा पेश किया



**चेन्नई :** हाल में संपन्न तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में सबसे अधिक सीटें जीतने वाली टीवीके पार्टी के प्रमुख विजय ने मंगलवार को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से मुलाकात की और राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश किया। तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) संस्थापक ने यहां लोक भवन पहुंचकर राज्यपाल अर्लेकर से मुलाकात की और राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश किया। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के सोमवार को आए परिणामों में विजय नीत टीवीके ने राज्य की 234 सीट में से 108 सीटों पर जीत हासिल की है। बहुमत के लिए 118 सीटों की जरूरत होगी। कांग्रेस ने टीवीके को समर्थन की सार्वजनिक घोषणा की है, लेकिन अभी यह पता नहीं चला है कि अन्य किस-किस विजय की पार्टी को समर्थन की पेशकश की है। टीवीके सूत्रों के अनुसार विजय सात मई को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण कर सकते हैं। विधानसभा चुनाव में द्रमुक ने 59, अन्नाद्रमुक ने 47, कांग्रेस ने पांच, पीएमके ने चार, आईयूएमएल ने दो, भाकपा ने दो, वीसीके ने दो, माकपा ने दो, वहीं भाजपा, डीएमडीके तथा एएमएमके ने एक-एक सीट पर जीत दर्ज की है।

## कांग्रेस नौ मई को असम चुनाव में अपने प्रदर्शन की समीक्षा करेगी

**गुवाहाटी :** असम में विपक्षी दल कांग्रेस ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में अपने खराब प्रदर्शन की समीक्षा के लिए नौ मई को जिला इकाइयों की बैठक बुलाई है। पार्टी के एक परिपत्र में यह जानकारी दी गई है। असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव (संगठन) रमन्ना बरुआ ने परिपत्र जारी कर सभी संबंधित नेताओं को गुवाहाटी में उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा, ''असम पीसीसी अध्यक्ष गौरव गोगोई के निर्देशानुसार सभी जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों/प्रभारी अध्यक्षों और वरिष्ठ उपाध्यक्षों को सूचित किया जाता है कि असम विधानसभा चुनाव-2026 के परिणामों पर विचार-विमर्श करने के लिए एक समीक्षा बैठक बुलाई गई है।''

## मतगणना के दिन ईसी के पोर्टल को हैक करने के 68 लाख से अधिक प्रयास विफल किए गए

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने बुधवार को कहा कि चार मई को जब पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के लिए मतों की गिनती हो रही थी, तब भारत और विदेश से उसके प्रमुख चुनावी मंच को निशाना बनाकर 68 लाख से अधिक प्रयास किए गए। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा कि ईसीआईएनईटी साइबर सुरक्षा प्रोटोकॉल के परिणामस्वरूप मतगणना के दिन देश और विदेश से 68 लाख से अधिक दुर्भावनापूर्ण हमलों का प्रभावी ढंग से मुकाबला किया गया, जो परिणाम पोर्टल सहित प्रमुख चुनाव मंच को लक्षित करके किये गए थे। निर्वाचन. आयोग ने कहा कि तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, असम और पुडुचेरी में हुए चुनावों के दौरान वास्तविक समय की निगरानी, त्वरित रिपोर्टिंग और पारदर्शिता बढ़ाने सहित चुनावी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने में उसके आईटी मंच ईसीआईएनईटी ने केंद्रीय भूमिका निभायी। जनवरी में आधिकारिक शुरुआत के बाद से, ईसीआईएनईटी ऐप के उपयोग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और अब तक इसके 10 करोड़ से अधिक डाउनलोड हो चुके हैं। ईसीआईएनईटी के बीटा संस्करण का उपयोग नवंबर 2025 में बिहार चुनाव में किया गया था। मतदान के दिनों - 9, 23 और 29 अप्रैल - को ईसीआईएनईटी ने 98.3 करोड़ से अधिक हिट दर्ज किए और मतगणना के दिन, इसने प्रति मिनट औसतन तीन करोड़ हिट दर्ज हुए।

## हिमंत शर्मा ने असम के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया, 11 मई के बाद हो सकता है शपथ ग्रहण

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ इस्तीफा दे दिया जिससे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व में नयी सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने 126 सदस्यीय विधानसभा में 102 सीटें जीती हैं। असम में विधानसभा चुनाव नौ अप्रैल को एक चरण में हुए थे और मतगणना चार मई को हुई थी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''असम चुनाव 2026 के परिणामों की औपचारिक अधिसूचना के बाद और नयी सरकार के गठन को सुगम बनाने के लिए डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने आज लोक भवन में माननीय राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सौंप दिया और साथ ही उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने भी इस्तीफा सौंप दिया।'' पोस्ट में कहा गया कि राज्यपाल ने इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और नयी सरकार के पदभार संभालने तक शर्मा से कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में बने रहने का अनुरोध किया है। बाद में लोक



भवन के बाहर पत्रकारों से बातचीत में शर्मा ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह 11 मई के बाद होने की संभावना है। उन्होंने कहा, ''यह ऐतिहासिक जीत है, इसलिए हमने इस अवसर पर उपस्थित होने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित किया है।'' शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सूचित किया है कि नरेन्द्र मोदी 11 मई तक व्यस्त हैं और उसके बाद ही राज्य का दौरा कर सकेंगे।

## उत्तराखंड: गोलीबारी में मारे गए सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर के परिवार ने एक करोड़ के मुआवजे की मांग की

**देहरादून :** उत्तराखंड के देहरादून में दो पक्षों के बीच सड़क पर हुई गोलीबारी के दौरान मारे गए सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर मुकेश जोशी के परिवार ने राज्य सरकार से एक करोड़ रुपये का मुआवजे की मांग की। जोशी 30 मार्च की सुबह मसूरी रोड पर जोहड़ी गांव में रोज की तरह सुबह की सैर पर निकले थे और इसी दौरान दो कार में सवार लोगों के बीच हुई गोलीबारी में गोली लगने से उनकी मौत हो गयी थी। सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर की पत्नी रेनू जोशी ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के सचिव को एक पत्र लिखकर मुआवजे के संबंध में हस्तक्षेप की प्रार्थना की है। उन्होंने 16 अप्रैल को लिखे पत्र में कहा कि 74 वर्षीय जोशी ने 36 साल तक भारतीय सेना में रहकर राष्ट्र की सेवा की और उन्हें उनके उल्लेखनीय साहस के लिए सेवा मेडल और विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया गया था। रेनू ने 30 मार्च की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दिन हुए घटनाक्रम से दिवंगत जोशी का कोई संबंध नहीं था। पत्र के मुताबिक, भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 और 300 ए के तहत अपने नागरिकों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा करना राज्य सरकार का दायित्व है।

## तमिलनाडु में सरकार बनाने के लिए टीवीके को समर्थन नहीं देंगे: अन्नाद्रमुक

**चेन्नई :** ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) ने बुधवार को घोषणा की कि वह तमिलनाडु में सरकार बनाने के लिए चंद्रशेखर जोसफ विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) को समर्थन नहीं देगी। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)में शामिल पार्टी ने कहा कि अब तक उसने किसी भी परिस्थिति में टीवीके का समर्थन नहीं किया है। टीवीके ने सोमवार को आए तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के नतीजे में 234 सदस्यीय सदन में 108 सीट जीती है, लेकिन सरकार बनाने के लिए उसे कम से कम 10 और विधायकों के समर्थन की जरूरत है। अन्नाद्रमुक के उप महासचिव के पी मुनुसामी ने पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों के सरकार गठन के लिए टीवीके को समर्थन देने की इच्छा जताए जाने संबंधी मीडिया के एक वर्ग में आई खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ''यह पूरी तरह से गलत है। किसी भी परिस्थिति में अन्नाद्रमुक, टीवीके का समर्थन नहीं करेगी। हम अपने पार्टी महासचिव (एडप्पाडी के पलानीस्वामी) के निर्देशानुसार यह स्पष्टीकरण जारी कर रहे हैं।'' उन्होंने यह बयान पार्टी की बैठक से बाहर निकलते हुए कही। उनके अलावा, नव निर्वाचित विधायकों सहित कई पार्टी सदस्यों ने चार मई को विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद पलानीस्वामी के ग्रीनवेज स्थित आवास पर उनसे मुलाकात की।

## दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध सबसे अधिक; 2024 में 13,396 मामले: एनसीआरबी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध देश के 19 बड़े शहरों में सबसे ज्यादा रहे और सिर्फ 2024 में 13,396 मामले दर्ज किए गए। यह जानकारी राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट से मिली। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर जयपुर, इंदौर और लखनऊ के बाद चौथे स्थान पर रही। अपराध दर प्रति एक लाख महिलाओं पर महिलाओं के खिलाफ अपराधों की संख्या को दर्शाती है। रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ कुल अपराधों की संख्या में 2023 से 2024 तक 0.22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। 2023 में 13,366 मामले दर्ज हुए थे, जबकि 2022 में यह संख्या 14,158 थी। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में बलात्कार और दहेज जैसे अपराध बड़ी चिंता का विषय बने रहे और बलात्कार के 1,058 मामले दर्ज किए गए। दहेज से होने वाली मौतों की कुल संख्या 109 पर स्थिर रही। वर्ष 2024 में दिल्ली में तेजाब से हमले का एक मामला दर्ज किया गया, जबकि 2023 में ऐसे छह मामले दर्ज किए गए थे।

### साल 2024 में 3.59 लाख किलोग्राम से अधिक विस्फोटक जब्त किए गए

साल 2024 में देशभर में 3.59 लाख किलोग्राम से अधिक विस्फोटक जब्त किए गए। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की ओर से बुधवार को जारी नवीनतम आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। एनसीआरबी के अनुसार, 2024 में देशभर में कुल 3,59,085 किलोग्राम विस्फोटक जब्त किए गए, जिनमें से 99 फीसदी से अधिक यानी 3,56,781.007 किलोग्राम अपराधियों और तस्करों के पास से, जबकि 2,304 किलोग्राम कट्टरपंथियों, उग्रवादियों या आतंकवादियों के पास से मिले। आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में देशभर में 10,952 किलोग्राम बारूद, 18 किलोग्राम प्लास्टिक विस्फोटक, 6.5 किलोग्राम आरडीएक्स और 3,48,108 किलोग्राम अन्य विस्फोटक जब्त किए गए। आंकड़ों के अनुसार, 2024 में देशभर में जिलेटिन की 88,613 छड़ें, 70,599 डेटोनेटर, 46,954 देसी बम, 422 आईईडी (परिष्कृत विस्फोटक उपकरण), 412 ग्रेनेड और 65 बारूदी सुरंग जब्त की गईं।

### देशभर में अपराध में छह फीसदी की कमी आई

बुधवार को जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार देशभर में 2024 में 58.85 लाख अपराध के मामले दर्ज किए गए, जो वर्ष 2023 के 62.41 लाख मामलों की तुलना में छह प्रतिशत कम है। अपराध दर का आशय प्रति लाख जनसंख्या पर दर्ज अपराध के मामलों की संख्या से है। अपराध दर वर्ष 2023 में 448.3 थी जो घटकर 2024 में 418.9 रह गई। आंकड़ों से पता चला कि भारतीय दंड संहिता की धारा 325, 326 और 329-335 के तहत 'चोट' श्रेणी में दर्ज मामलों में 30.58 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है।

## राजनाथ सिंह और वियतनाम के उप प्रधानमंत्री ने रक्षा संबंधों को मजबूत बनने पर की चर्चा

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को वियतनाम के उप प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय रक्षा मंत्री जनरल फान वान जियांग से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों पक्षों ने समुद्री और औद्योगिक सहयोग बढ़ाकर रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बैठक में 'बढ़ते रणनीतिक विश्वास' की झलक मिली, जो भारत और वियतनाम के बीच गहरी और व्यापक रणनीतिक साझेदारी को दर्शाती है। एक बयान में कहा गया, ''चर्चा समुद्री सहयोग बढ़ाकर, रक्षा उद्योग सहयोग का विस्तार करके और संयुक्त अनुसंधान, सह-विकास और सह-उत्पादन पहल को बढ़ावा देकर रक्षा संबंधों को और मजबूत




करने पर केंद्रित थी।'' दोनों पक्षों ने संयुक्त अभ्यासों और संस्थागत संवाद प्रणाली सहित रक्षा बलों के बीच नियमित संपर्क के महत्व पर भी जोर दिया। दोनों नेताओं ने जारी रक्षा सहयोग की समीक्षा की और उच्च स्तरीय आदान-प्रदान, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और दक्षता विकास पहल सहित द्विपक्षीय गतिविधियों में हो रही निरंतर प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने रणनीतिक हितों के लिहाज से विशेष रूप से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते तालमेल को स्वीकार किया। सिंह ने भारत के 'महासागर' (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक और समग्र उन्नति) दृष्टिकोण के अनुरूप वियतनाम के साथ सहयोग करने की भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया।

## उत्तराखंड: कैलाश मानसरोवर यात्रा महंगी हुई, 20 फीसदी ज्यादा मूल्य चुकाना होगा

**नैनीताल :** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में लिपुलेख दर्रे के जरिए होने वाली वार्षिक कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए श्रद्धालुओं को अब 2.09 लाख रुपये का भुगतान करना होगा। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। कैलाश मानसरोवर यात्रा इस बार चार जुलाई को शुरू हो रही है। अधिकारियों के मुताबिक, अमेरिकी मुद्रा की कीमत ज्यादा होने के कारण तिब्बत में होने वाले यात्रा खर्च पर सीधा असर पड़ता है जबकि भारत में भी यात्रा दरें संशोधित हुई हैं और इसलिए इस बार श्रद्धालुओं को पिछले वर्ष के मुकाबले करीब 20 फीसदी अधिक राशि खर्च करनी होगी। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्रालय द्वारा तिब्बत के लिए शुल्क डॉलर में लिया जाता है, जिसमें वीजा, चिकित्सा और अन्य संबंधित खर्चे शामिल होते हैं। इसके अलावा, भारतीय क्षेत्र में श्रद्धालुओं को यात्रा, ठहरने, खाने और गाइड उपलब्ध कराने वाली एजेंसी कुमाउं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) ने भी अपने शुल्क संशोधित कर पिछले वर्ष के मुकाबले आठ हजार रुपए बढ़ा दिए हैं। इस बार भारतीय क्षेत्र में प्रति यात्री शुल्क 65,000 रुपये हो गया है। पिछले साल कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए कुल शुल्क 1.74 लाख रुपए था, जो इस बार बढ़कर 2.09 लाख रुपये हो गया है।

## सीईसी, ईसी की नियुक्ति पर कानून बनाने के लिए क्या संसद को निर्देश दिया जा सकता है: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को सवाल किया कि क्या वह संसद को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति प्रक्रिया को विनियमित करने के लिए कानून बनाने का निर्देश दे सकता है। ये टिप्पणियां न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने उस दौरान कीं, जब 2023 के संबंधित कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई हो रही थी। इस कानून में चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करने वाली चयन समिति से भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को बाहर रखा गया है। शीर्ष अदालत ने शुरू में ही केंद्र सरकार की सुनवाई टालने की मांग ठुकरा दी और कहा कि यह मामला ''शबरिमला मामले से अधिक महत्वपूर्ण'' है। न्यायमूर्ति दत्ता ने सुनवाई के दौरान एक याचिका में की गई उस प्रार्थना का उल्लेख किया, जिसमें शीर्ष अदालत से संसद को सीईसी और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को विनियमित करने के लिए कानून बनाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। उन्होंने पूछा, याचिका में किये गये अनुरोध पर आइए... इसमें संसद से कानून बनाने को कहा गया है। क्या अदालत संसद को कानून बनाने के लिए कह सकती है? क्या यह याचिका इस रूप में स्वीकार्य है?'' उन्होंने ''अनूप बरनवाल मामले'' में पांच-सदस्यीय संविधान पीठ के दो मार्च 2023 के फैसले का भी उल्लेख किया, जिसमें सर्वसम्मति से कहा गया था कि सीईसी और चुनाव आयुक्तों का चयन तीन-सदस्यीय समिति द्वारा किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता (या संसद में सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता) और सीजेआई शामिल होंगे। इस फैसले ने पहले से चली आ रही उस व्यवस्था में बदलाव किया था, जिसमें सीईसी और ईसी की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री की सलाह पर की जाती थी।

## साल 2025-26 में ट्रेन से पटरी से उतरने की 28 में 18 घटनाएं 'टर्नआउट' पर हुईं: रेलवे बोर्ड

**नयी दिल्ली :** रेलमार्ग के रखरखाव के लिए 'टर्नआउट' पर विशेष ध्यान दिये जाने का उल्लेख करते हुए रेलवे बोर्ड ने कहा है कि 2025-26 में ट्रेन के पटरी से उतरने की 28 घटनाओं में से 18 उन स्थानों पर पर हुईं जहां रेलगाड़ी एक पटरी से दूसरी पटरी पर जाती हैं। पटरी बदलने के इस 'टर्नआउट' को पॉइंट्स और 'क्रॉसिंग्स' भी कहा जाता है। ये रेलमार्ग के ऐसे हिस्से हिस्से होते हैं जहां से ट्रेन एक ट्रैक से दूसरे ट्रैक पर जाती हैं। रेलवे बोर्ड ने अपने सभी मंडलों को भेजे पत्र में कहा है, '' 2025-26 के दौरान इंजीनियरिंग कारणों (ट्रैक से जुड़ी समस्याओं) से ट्रेन के पटरी से उतरने की 28 घटनाओं में से 18 मामले (लगभग 65 प्रतिशत) टर्नआउट पर हुए हैं। इसलिए, रेलमार्ग के रखरखाव में टर्नआउट पर मुख्य रूप से ध्यान देना जारी रखना चाहिए।'' बोर्ड ने मुख्य मार्ग अभियंताओं एवं सदस्यों (अवसंरचना) के बीच एक बैठक के दौरान हुई चर्चा का जिक्र करते हुए कहा, '' सिम्स (सुरक्षा सूचना प्रबंधन प्रणाली) में दर्ज पटरी से उतरने की घटनाओं के अंतिम कारणों के विश्लेषण से यह पता चलता है कि फील्ड अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को पटरी से उतरने के कारणों की सही पहचान करने और उनका विश्लेषण करने के लिए बेहतर परामर्श और मार्गदर्शन की आवश्यकता है। '' बैठक के दौरान, रेलवे बोर्ड के सदस्य (अवसंरचना) ने अधिकारियों से पटरियों के रखरखाव को उच्च गुणवत्ता के साथ सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि अब नवीनीकरण-आधारित सोच से हटकर रखरखाव-आधारित दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है, क्योंकि समय पर किया गया रखरखाव विश्वसनीयता को बढ़ाता है, पटरियों की सेवा-अवधि में सुधार करता है और समय से पहले नवीनीकरण की जरूरत को कम करता है।

## मांडविया राष्ट्रव्यापी नि:शुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जांच पहल की करेंगे शुरुआत

**नयी दिल्ली :** श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया नए श्रम संहिताओं के तहत प्रस्तावित 40 वर्ष और उससे अधिक आयु के श्रमिकों के लिए राष्ट्रव्यापी नि:शुल्क 'वार्षिक स्वास्थ्य जांच पहल' की शुरुआत बृहस्पतिवार को करेंगे। श्रम मंत्रालय के बयान के अनुसार, इस पहल का औपचारिक उद्घाटन नयी दिल्ली में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (बसईदारापुर) से किया जाएगा। देश भर में 11 अन्य ईएसआईसी अस्पतालों में भी एक साथ उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें संबंधित राज्यों के श्रम मंत्री, सांसद, विधायक और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। यह पहल 'श्रमेव जयते' के व्यापक ढांचे के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप है जो श्रम की गरिमा एवं श्रमिकों के लिए मजबूत सामाजिक सुरक्षा पर जोर देता है। यह कार्यान्वयन चार नए श्रम संहिताओं के माध्यम से लाए गए परिवर्तनकारी सुधारों पर आधारित है। इन संहिताओं में 29 केंद्रीय श्रम कानूनों को समाहित किया गया है।

## बीएसएफ के पंजाब मुख्यालय के बाहर हुए विस्फोट मामले में सुरागों के आधार पर हो रही है जांच: पुलिस

**चंडीगढ़ :** पंजाब के जालंधर में सीमा सुरक्षा बल के पंजाब फ्रंटियर मुख्यालय के बाहर हुए विस्फोट में विस्फोटक सामग्री का इस्तेमाल किया गया था और पुलिस घटना से संबंधित सुरागों पर सक्रिय रूप से काम कर रही है। पंजाब पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। जालंधर की पुलिस आयुक्त धनप्रीत कौर ने कहा कि पुलिस की जांच में कुछ प्रगति हुई है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने विस्फोट स्थल का निरीक्षण किया और यहां बीएसएफ के महानिरीक्षक के साथ बैठक भी की। मंगलवार रात को सुरक्षा प्रतिष्ठानों के पास हुए दो सिलसिलेवार विस्फोटों ने पंजाब को दहला दिया, जिससे दहशत फैल गई। विपक्षी दलों ने इसकी निंदा



करते हुए इसे राज्य को 'अस्थिर' करने का प्रयास बताया। पहला विस्फोट जालंधर में सीमा सुरक्षा बल के पंजाब फ्रंटियर मुख्यालय के बाहर रात करीब आठ बजे हुआ, जबकि दूसरा धमाका अमृतसर में रात करीब 11 बजे हुआ। दोनों घटनाओं की जांच चल रही है। कौर ने संवाददाताओं से कहा, ''हमारी फोरेंसिक टीम ने यहां से विस्फोटक के नमूने एकत्र किए हैं, जिन्हें जांच के लिए फोरेंसिक प्रयोगशाला में भेजा गया है। हमारा मानना है कि विस्फोट इन्हीं विस्फोटकों से किया गया।'' उन्होंने यह भी बताया कि तकनीकी जांच और कैमरा फुटेज देखे जा रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हमारे पास तीन-चार सुराग हैं जिन पर हम फिलहाल काम कर रहे हैं।''

### विस्फोट पाकिस्तानी आईएसआई की साजिश का हिस्सा लगता है: पंजाब डीजीपी

**चंडीगढ़ :** पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि अमृतसर के खासा में सेना छावनी की चाहरदीवारी के पास हुआ विस्फोट कम तीव्रता वाला था। पुलिस ने बताया कि विस्फोट मंगलवार रात को हुआ और इसमें किसी के घायल होने की खबर नहीं है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने बताया कि किसी भी संगठन ने विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि इस घटना के पीछे पाकिस्तान की आईएसआई का हाथ है। उन्होंने कहा, ''हमारा मानना है कि चूंकि आज ऑपरेशन सिंदूर का एक वर्ष पूरा हुआ है, इसलिए यह पंजाब में अशांति फैलाने की पाकिस्तान की आईएसआई की साजिश का हिस्सा है। पंजाब राष्ट्र की ओर से पाकिस्तान के खिलाफ परोक्ष युद्ध लड़ रहा है।'' आईएसआई पर झूठा विमर्श गढ़ने का आरोप लगाते हुए पुलिस महानिदेशक ने कहा कि कुछ तत्व पंजाब में माहौल बिगाड़ना चाहते हैं।

## भोजशाला पर अब जैन समुदाय ने किया दावा

### विवादित स्मारक में पूजा का अधिकार मांगा

**इंदौर :** जैन समुदाय के एक याचिकाकर्ता ने भोजशाला मंदिर-कमाल मौला मस्जिद परिसर में मध्यकालीन जैन मंदिर और गुरुकुल होने का दावा करते हुए मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय से बुधवार को गुहार की कि समुदाय को इस स्मारक में उपासना का अधिकार प्रदान किया जाए। दिल्ली के सामाजिक कार्यकर्ता सलेक चंद जैन ने यह जनहित याचिका ऐसे वक्त दायर की, जब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के संरक्षित स्मारक के धार्मिक स्वरूप के विवाद को लेकर हिंदू और मुस्लिम पक्षों के दायर मुकदमे उच्च न्यायालय में पहले ही विचाराधीन हैं। हिंदू पक्ष एएसआई के वैज्ञानिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट के आधार पर दावा कर रहा है कि यह स्मारक मूलत: एक मंदिर है, जबकि मुस्लिम पक्ष इसे मस्जिद करार दे रहा है। जैन के वकील दिनेश पी. राजभर ने इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति राजेश कुमार गुप्ता के सामने एएसआई के 2003 के एक आदेश को चुनौती दी। इस आदेश के तहत विवादित स्मारक में हर मंगलवार को हिंदुओं और हर शुक्रवार को मुस्लिमों को उपासना की अनुमति दी गई है। राजभर ने दावा किया कि भोजशाला परिसर में कभी जैन मंदिर और गुरुकुल हुआ करता था।

## आरबीआई ने विदेशी मुद्रा लेनदेन से जुड़े संस्थानों के लिए नए मानक जारी किए




**मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विदेशी मुद्रा लेनदेन से जुड़े संस्थानों के लिए संशोधित मानक जारी करते हुए कहा है कि अब 'मनी चेंजरों' के लिए नए लाइसेंस जारी नहीं किए जाएंगे। केंद्रीय बैंक ने 'विदेशी मुद्रा प्रबंधन (अधिकृत व्यक्ति) विनियमन, 2026' के तहत यह बदलाव किया है। इसका उद्देश्य विदेशी मुद्रा सेवाओं की उपलब्धता में सुधार करना और अनुपालन प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। आरबीआई ने बुधवार को कहा कि नए ढांचे के तहत विदेशी मुद्रा लेनदेन करने के लिए सभी संस्थाओं को उसकी अनुमति लेना अनिवार्य होगा। साथ ही विदेशी मुद्रा की खरीद-बिक्री के लिए अधिकृत डीलरों की श्रेणियों और नियमों को भी संशोधित किया गया है। नए नियमों के तहत, नए लाइसेंस के लिए आवेदन तीन श्रेणियों में किया जा सकेगा। बैंकों को अधिकृत डीलर श्रेणी-1 के तहत आवेदन करना होगा। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी), पूरी तरह मनी चेंजर का काम करने वाले या दो वर्षों से काम कर रहे एवं दो वित्त वर्षों में औसतन 50 करोड़ रुपये का वार्षिक विदेशी मुद्रा कारोबार करने वाले संस्थान अधिकृत डीलर श्रेणी-2 के तहत आवेदन कर सकेंगे। वहीं, विदेशी मुद्रा से जुड़े नवाचार आधारित उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने वाली कुछ अन्य संस्थाओं को अधिकृत डीलर श्रेणी-3 में रखा गया है। आरबीआई ने स्पष्ट किया कि पूरी तरह मनी चेंजर के रूप में काम करने का लाइसेंस पाने के लिए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा, सिवाय उन आवेदनों के जो इन नियमों के लागू होने से पहले प्रक्रिया में हैं।

## वस्तुओं, सेवाओं का निर्यात बीते वित्त वर्ष 4.6 प्रतिशत बढ़कर 863.11 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर



**नयी दिल्ली:** वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद देश का वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात बीते वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 4.6 प्रतिशत बढ़कर 863.11 अरब डॉलर के अबतक के उच्चस्तर पर पहुंच गया है। वाणिज्य मंत्रालय के बुधवार को जारी संशोधित आंकड़ों से यह जानकारी मिली। इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात 825.26 अरब डॉलर रहा था। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले वित्त वर्ष में वस्तुओं का निर्यात 0.93 प्रतिशत बढ़कर 441.78 अरब डॉलर रहा, जो 2024-25 में 437.70 अरब डॉलर था। एक अधिकारी ने कहा, ''वैश्विक अनिश्चितताओं और वस्तुओं के व्यापार में चुनौतियों के बावजूद भारत के वस्तु निर्यात में बढ़ोतरी हुई और इसने कुल निर्यात में महत्वपूर्ण योगदान दिया।'' हालांकि, सेवाओं के निर्यात क्षेत्र का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा। यह 2024-25 के 387.55 अरब डॉलर की तुलना में 2025-26 में बढ़कर सर्वकालिक उच्चस्तर 421.32 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यानी सेवाओं का निर्यात 8.71 प्रतिशत बढ़ा। अधिकारी ने बताया कि सेवाओं के निर्यात में यह तेज बढ़ोतरी सूचना प्रौद्योगिकी, कारोबारी समाधान और पेशेवर विशेषज्ञता जैसी सेवाओं की बढ़ती वैश्विक मांग को दर्शाती है।

### भारत-दक्षिण कोरिया एफटीए की समीक्षा के लिए 25 मई को करेंगे बातचीत

**नयी दिल्ली:** भारत और दक्षिण कोरिया 25 मई को वृहद आर्थिक भागीदारी करार (सीईपीए) की समीक्षा पर बातचीत कर सकते हैं। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इसे जनवरी, 2010 में लागू किया गया था। यह बातचीत इसलिए जरूरी है क्योंकि भारत ने दक्षिण कोरिया को एक नए द्विपक्षीय व्यापार करार पर बातचीत करने का सुझाव दिया है ताकि इसे और बेहतर बनाया जा सके और व्यापार घाटे की चिंताओं को दूर किया जा सके।

# उत्तर प्रदेश के रक्षा गलियारों में 35,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश: योगी आदित्यनाथ



**प्रयागराज:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के छह रक्षा औद्योगिक गलियारों लखनऊ, कानपुर, झांसी, आगरा, अलीगढ़ और चित्रकूट के लिए 35,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव जमीनी धरातल पर उतरते हुए दिखाई दे रहे हैं। यहां न्यू कैंट में आयोजित तीन दिवसीय 'नॉर्थटेक सिंपोजियम' के समापन समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा, प्रदेश सरकार ने एक बड़ा भूमि बैंक तैयार किया है। रक्षा और वैमानिकी नीति के माध्यम से निवेश के इच्छुक निवेशकों को प्रोत्साहन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा,' अलीगढ़ में छोटे हथियारों, रक्षा उपकरणों और सैन्य सामग्रियों के उत्पादन के रूप में यह केंद्र उभरा है। इसके साथ ही परंपरागत रूप से 'पूर्व का मैनचेस्टर' कहलाने वाला कानपुर गोला-बारूद, मिसाइल, डिफेंस टेक्सटाइल और प्रोटेक्टिव गियर के विनिर्माण का केंद्र बिंदु बन गया है।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल और भारी रक्षा विनिर्माण पर ध्यान दिया गया है। चित्रकूट और आगरा को वैमानिकी और रक्षा में सटीक इंजीनियरिंग के गढ़ के रूप में विकसित किया जा रहा है।' उन्होंने कहा, 'सैनिकों की क्षमता बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश रक्षा गलियारों में तोप के गोले, ड्रोन, बुलेट प्रूफ जैकेट और उन्नत संचार प्रणालियों का विनिर्माण किया जा रहा है। रक्षा विनिर्माण गलियारे के लिए आवश्यक सहयोग उत्तर प्रदेश में मौजूद है...।' मुख्यमंत्री ने कहा, ''हम आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर ड्रोन के लिए उत्कृष्टता केंद्र विकसित करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। आज उत्तर प्रदेश में 21,000 से अधिक स्टार्टअप विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित हुए हैं। इनमें एआई, रोबोटिक्स, ड्रोन, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर आदि क्षेत्रों के स्टार्टअप शामिल हैं।' योगी आदित्यनाथ ने कहा,' मजबूत परिवेश का निर्माण हुआ। आज हम कह सकते हैं कि एक्सप्रेसवे, हाइवे, रेल संपर्क, मेट्रो और हवाई संपर्क के रूप में सबसे अच्छा आधारभूत ढांचा उत्तर प्रदेश के पास है।' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षा प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए देश की उभरती स्वदेशी रक्षा क्षमताओं की सराहना की। तीन दिवसीय इस आयोजन में आधुनिक युद्ध की जरूरतों के अनुरूप विकसित अत्याधुनिक तकनीकों और उपकरणों का व्यापक प्रदर्शन किया गया है। प्रदर्शनी के दौरान मुख्यमंत्री ने बुलेटप्रूफ जैकेट, टैक्टिकल गियर, अत्याधुनिक हेलमेट और विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में 'ऑपरेशन' के लिए विकसित सैन्य उपकरणों का बारीकी से निरीक्षण किया। 'नॉर्थटेक सिंपोजियम' का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चार मई को किया था। इसमें रक्षा क्षेत्र में कार्यरत 250 से अधिक कंपनियों ने अपने उत्पाद एवं प्रौद्योगिकियां पेश कीं।

### नौकरी की ऑनलाइन तलाश में फर्जीवाड़े को लेकर भारतीय पेशेवर हो रहे जागरूकः रिपोर्ट

**मुंबई:** भारतीय पेशेवरों के बीच नौकरी की तलाश में फर्जीवाड़े को लेकर सतर्कता बढ़ी है और अब 82 प्रतिशत से अधिक पेशेवर किसी नौकरी के लिए आवेदन करने से पहले उसकी प्रामाणिकता जांचते हैं। बुधवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। पेशेवर नेटवर्किंग मंच लिंक्डइन की 'जॉब सर्च सेफ्टी पल्स' रिपोर्ट के मुताबिक, 53 प्रतिशत पेशेवर एक साल पहले की तुलना में अब ज्यादा संदेह करते हैं कि कहीं नौकरी का प्रस्ताव धोखाधड़ी तो नहीं है। लिंक्डइन इंडिया की विधि एवं लोक नीति प्रमुख अदिति झा ने कहा, ऑनलाइन नौकरी तलाशने के दौरान नौकरी प्रस्तावों में फर्जीवाड़ा (जॉब स्कैम) होना एक आम अनुभव होता जा रहा है। इसे लेकर जागरूकता बढ़ रही है, लेकिन प्रतिस्पर्धी माहौल में खासकर करियर के शुरुआती दौर में इसे व्यवहार में लागू करना चुनौतीपूर्ण होता है। यह रिपोर्ट पूर्णकालिक या अंशकालिक तौर पर काम कर रहे 8,512 पेशेवरों से जुटाए गए आंकड़ों पर आधारित है। ये पेशेवर ब्रिटेन, भारत, जर्मनी एवं ब्राजील में कार्यरत हैं।

# एयर इंडिया के बोर्ड की बैठक आज

**लागत कटौती, सीईओ चयन के मुद्दे पर होगी चर्चा**




**नयी दिल्ली:** घाटे में चल रही एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया के निदेशक मंडल की बृहस्पतिवार को होने वाली बैठक में वित्तीय स्थिति, लागत-बचत के उपाय, नए मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के चयन और अन्य मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली इस एयरलाइन को पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण विमान ईंधन की बढ़ती कीमतों सहित कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में यह बैठक काफी महत्वपूर्ण है। सूत्रों ने बताया कि एयरलाइन के निदेशक मंडल की बैठक बृहस्पतिवार को दिल्ली में होगी। उन्होंने बताया कि बैठक में 2025-26 के वित्तीय परिणाम, लागत-बचत के उपाय, सीईओ उत्तराधिकार योजना और अन्य मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। बैठक के एजेंडा के बारे में सटीक जानकारी नहीं मिल सकी है। एयरलाइन एक महत्वाकांक्षी परिवर्तन योजना के बीच में है और नए सीईओ की तलाश कर रही है क्योंकि सिंगापुर एयरलाइंस समूह के अनुभवी कैंपबेल विल्सन इस साल के अंत में पद छोड़ देंगे। एयर इंडिया के निदेशक मंडल की अध्यक्षता टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन कर रहे हैं। विल्सन, सिंगापुर एयरलाइंस के सीईओ गो चून फोंग, संजीव मेहता, एलिस वैद्यन, पी आर रमेश और पी बी बालाजी बोर्ड के सदस्य हैं। पश्चिम एशिया संघर्ष के मद्देनजर हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों के कारण एयरलाइन को कई अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए लंबे मार्ग से जाना पड़ रहा है जिससे ईंधन की खपत भी बढ़ रही है। इस बीच, विमान ईंधन की बढ़ती कीमत के बीच लागत बचत उपायों के तहत एयर इंडिया बिजनेस क्लास यात्रियों के लिए भोजन को टिकट से अलग करने और लाउंज की सुविधा बंद करने पर विचार कर रही है। सूत्रों ने बताया कि इस योजना के तहत, एयरलाइन उन यात्रियों के लिए एक अलग किराया श्रेणी पेश कर सकेगी जो भोजन नहीं लेना चाहते। इसी तरह, बिजनेस क्लास यात्रियों के पास लाउंज की सुविधा चुनने का विकल्प होगा।

## न्यूज अपडेट

### सोना 2,900 रुपये मजबूत, चांदी 3,500 रुपये चढ़ी

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमत 2,900 रुपये बढ़कर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। वहीं चांदी 3,500 रुपये चढ़कर 2.54 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गई। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के साथ तेल की कीमतों में गिरावट आने से कीमती धातुओं की मांग बढ़ी है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,900 रुपये यानी लगभग दो प्रतिशत बढ़कर 1,55,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। यह मंगलवार को 1,52,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। चांदी की कीमतों में भी लगातार तीसरे सत्र में तेजी आई। इसकी कीमत 3,500 रुपये यानी 1.4 प्रतिशत बढ़कर 2,54,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। एसोसिएशन के अनुसार, पिछले कारोबारी सत्र में इस धातु की कीमत 2,51,000 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी।

### चालू वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर घटकर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमानः रिपोर्ट

**नयी दिल्ली:** ऊर्जा आपूर्ति बाधाओं की वजह से चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत के पिछले अनुमान से कम होकर 6.6 प्रतिशत रह सकती है। एसएंडपी ग्लोबल और क्रिसिल ने बुधवार को एक संयुक्त रिपोर्ट में यह कहा। इसके साथ ही दोनों रेटिंग एजेंसी ने इस रिपोर्ट में कहा कि 'विकसित भारत 2047' का लक्ष्य हासिल करने के लिए ऊर्जा एवं खाद्य सुरक्षा से जुड़े सुधार जरूरी होंगे। 'इंडिया फारवर्ड' शीर्षक वाली रिपोर्ट कहती है कि भारत इस समय ऊर्जा आपूर्ति में बाधा, तेल और गैस की बढ़ती कीमतों तथा मुद्रा विनिमय दर में उतार-चढ़ाव जैसे बाहरी आर्थिक झटकों का सामना कर रहा है। ऐसी स्थिति में रणनीतिक भंडार तैयार करने के लिए व्यापक ऊर्जा भंडारण नीति बनाने की जरूरत बताई गई है। क्रिसिल के मुख्य अर्थशास्त्री धर्मकीर्ति जोशी ने कहा, पश्चिम एशिया संकट लंबा खिंचने से नए दबाव उभर रहे हैं। रुपये में कमजोरी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी अर्थव्यवस्था पर 'दोहरा झटका' डाल रही है, जिससे वृद्धि पर दबाव बढ़ रहा है। जोशी ने कहा कि मौजूदा हालात में भारत को ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा के साथ उर्वरक क्षेत्र पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने संकट जारी रहने की स्थिति में रबी फसल के लिए उर्वरकों की कमी होने का अंदेशा भी जताया। हालांकि खरीफ फसलों के लिए स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर बनी हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हाल में कई देशों एवं समूहों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का पूरा लाभ उठाने के लिए भारत को अपनी प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने के लिए विभिन्न सुधार करने होंगे। पश्चिम एशिया में 28 फरवरी से शुरू हुए संघर्ष के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया है, जिससे मुद्रास्फीति को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं। कच्चा तेल 30 अप्रैल को 126 डॉलर प्रति बैरल के चार साल के उच्च स्तर तक पहुंच गया था लेकिन छह मई को यह घटकर 97.77 डॉलर प्रति बैरल रह गया।

### रुपया 2026 के अंत तक करीब 95 प्रति डॉलर के आसपास रहेगा : बीएमआई

**नयी दिल्ली:** भारतीय रुपया ईरान संघर्ष के दबाव के बीच 2026 के अंत तक करीब 95 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर के आसपास सीमित दायरे में बना रह सकता है। वर्तमान में रुपया करीब 95.20 प्रति डॉलर पर कारोबार कर रहा है। अमेरिकी फिच समूह की कंपनी बीएमआई ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि मुनाफे की धीमी वापसी (रिपैट्रिएशन) और केंद्रीय बैंक का मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप रुपये में गिरावट की गति को सीमित करेगा। अमेरिका-ईरान संघर्ष ने उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव डाला है। खासकर भारत जैसे बड़े ऊर्जा आयातक देशों पर। मार्च-अप्रैल 2026 के दौरान रुपया चार प्रतिशत कमजोर हुआ और फिलहाल 95.20 प्रति डॉलर के स्तर पर है। बीएमआई के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत और महंगाई दर 3.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रुपये की कमजोरी से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप कर इसे स्थिर रखने की कोशिश की। बीएमआई ने कहा, '' आगे चलकर हमारा अनुमान है कि रुपया सीमित दायरे में रहेगा और वर्ष के अंत तक करीब 95 रुपये प्रति डॉलर पर रहेगा। यह अनुमान नकारात्मक और सकारात्मक कारकों के संतुलन को दर्शाता है।'' बीएमआई का मानना है कि युद्ध के कारण भारत का चालू खाता घाटा 0.4 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2026-27 में जीडीपी के 1.3 प्रतिशत तक पहुंच सकता है।



## पंत का आईपीएल रिकॉर्ड चौंकाने वाला है: पुजारा

**मुंबई:** चेतेश्वर पुजारा हैरान हैं कि ऋषभ पंत जैसा बेहतरीन बल्लेबाज टेस्ट क्रिकेट में अपने शानदार प्रदर्शन को आईपीएल में दोहराने में नाकाम रहा है जहां बाएं हाथ के इस बल्लेबाज का रिकॉर्ड काफी साधारण रहा है। पंत टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर पहली पसंद बने हुए हैं लेकिन सीमित ओवरों के क्रिकेटर में उनकी स्थिति कमजोर हुई है। वर्ष 2024 में टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा होने के बावजूद पंत टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम का हिस्सा नहीं हैं और एकदिवसीय क्रिकेट में लोकेश राहुल के बाद दूसरी पसंद हैं। पिछले कुछ वर्षों में पंत ने 134 आईपीएल मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने 3757 रन बनाए हैं। इसमें दो शतक और 20 अर्धशतक शामिल हैं। उनका स्ट्राइक रेट 146 का रहा है जो शीर्ष चार में शामिल बल्लेबाज के हिसाब से थोड़ा कम माना जाता है। वहीं 49 टेस्ट मैच में उन्होंने 3476 रन बनाए हैं जिसमें आठ शतक और 18 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में भी शतकीय पारियां खेली हैं। जियोहॉटस्टार के विशेषज्ञ पुजारा ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा, ''मैं भी बहुत हैरान हूं क्योंकि ऋषभ पंत जैसा बल्लेबाज टेस्ट क्रिकेट में किसी भी गेंदबाज को निशाना बना सकता है लेकिन जब हम उनके आईपीएल के आंकड़ों को देखते हैं तो वे टेस्ट क्रिकेट जितने अच्छे नहीं लगते।'

### महिला टीम की हार के साथ विश्व टेबल टेनिस में भारत का निराशाजनक अभियान समाप्त

**लंदन:** भारत का विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप में निराशाजनक अभियान राउंड ऑफ 32 में अमेरिका के हाथों महिला टीम की 1-3 से हार के साथ खत्म हो गया। पुरुष टीम भी मंगलवार को राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में ऑस्ट्रिया से हार गई थी। बत्रा इस मुकाबले में छाप छोड़ने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रही। उन्होंने अपना एकल मैच रेयेस जेसिका के खिलाफ 11-2, 11-8, 8-11, 11-4 से जीता। शुरुआती एकल मैच में यशस्विनी घोरपड़े को मोयलैंड सैली ने 0-3 (8-11, 8-11, 7-11) से हरा दिया।

### युवा भारतीय मुक्केबाजों ने एशियाई आयुवर्ग चैम्पियनशिप में 27 पदक पक्के किये

**ताशकंद:** भारतीय मुक्केबाजों ने एशियाई अंडर 15 और अंडर 17 चैम्पियनशिप में 27 पदक पक्के कर लिये। अंडर 15 लड़कियों के दल ने 15 में से 14 पदक हासिल किये जबकि अंडर 15 लड़कों ने 15 में से 13 पदक पक्के किये। लड़कों के वर्ग में एस वसंत अशोक कुमार (37 किलो) और प्रशांत (49 किलो) ने संयुक्त अरब अमीरात के मोहम्मद अल्बानाइ और मायेद अल्यामाही को पहले दौर में आरएससी (रैफरी द्वारा मुकाबला रोका जाना) के आधार पर हराया। नितिन (40 किलो) और हर्षवर्धन जीना (55 किलो) ने दूसरे दौर में क्रमश: कजाखस्तान के सायत मेंगदिबे और ताजिकिस्तान के मुहम्मद फोजिलोव को आरएससी पर हराया। यश कुमार (33 किलो ) और रोहित पोठिना (35 किलो ) ने क्रमश: ताजिकिस्तान के रसूलजोन करीमोव और मंगोलिया के तेमूलेन मुखबायार को 4 . 1 से हराया। समीर बोहरा (43 किलो ) ने थाईलैंड के चूटिनान याराम को और नोंगपोकगांबा मेतेइ ओइना (46 किलो) ने मंगोलिया के मुंख ओचिर गोंजोरिग को 5 . 0 से हराया। मोहम्मद यासिर (58 किलो) ने कजाखस्तान के मेइरलान बेइसेखान को 5 . 0 से मात दी।

# अहमदाबाद करेगा आईपीएल फाइनल की मेजबानी, धर्मशाला और न्यू चंडीगढ़ में होंगे प्लेऑफ मैच




**नयी दिल्ली:** बेंगलुरु के बजाय अहमदाबाद लगातार दूसरे सत्र में 31 मई को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल की मेजबानी करेगा, जबकि क्वालीफायर एक धर्मशाला और दो अन्य प्लेऑफ मैच न्यू चंडीगढ़ में खेले जाएंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को यह घोषणा की। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मौजूदा चैंपियन होने के कारण परंपरा के अनुसार फाइनल बेंगलुरु में खेला जाना था। पिछले साल के अलावा अहमदाबाद ने इससे पहले 2022 और 2023 में आईपीएल फाइनल की मेजबानी की थी। बीसीसीआई ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ''आईपीएल फाइनल की मेजबानी के लिए मूल रूप से बेंगलुरु को चुना गया था। लेकिन स्थानीय संघ और अधिकारियों की कुछ ऐसी मांगों के कारण जो बीसीसीआई के स्थापित दिशानिर्देशों और प्रोटोकॉल के दायरे से बाहर थीं, आयोजन स्थल को स्थानांतरित कर दिया गया है।' बोर्ड ने हालांकि कर्नाटक की राजधानी में फाइनल आयोजित करने के लिए की जा रही मांगों का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया है। बोर्ड ने यह भी कहा कि 'संचालन और लॉजिस्टिकल से जुड़े मसलों के कारण इस वर्ष प्लेऑफ चरण के मैच तीन स्थानों पर खेले जाएंगे।'' बीसीसीआई ने कहा, एक 26 मई को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में अंक तालिका में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें भाग लेंगी। इस मैच के विजेता को फाइनल में सीधा प्रवेश मिलेगा।' इसमें कहा गया है, बाद मुकाबले न्यू चंडीगढ़ के न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होंगे, जहां तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच 27 मई को एलिमिनेटर मैच खेला जाएगा। इसी स्टेडियम में 29 मई को क्वालीफायर दो भी खेला जाएगा।' धर्मशाला में पहली बार आईपीएल प्लेऑफ का कोई मैच खेला जाएगा। एलिमिनेटर में जीत दर्ज करने वाली टीम क्वालीफायर दो में क्वालीफायर एक में हारने वाली टीम का सामना करेगी। इस मैच की विजेता टीम फाइनल में पहुंचेगी। बीसीसीआई ने कहा,'आईपीएल के मौजूदा सत्र का समापन 31 मई को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ग्रैंड फाइनल के साथ होगा, जो दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है।' बीसीसीआई के सूत्रों ने बताया कि अहमदाबाद स्टेडियम को उसकी अधिक दर्शकों की क्षमता के कारण प्राथमिकता दी गई क्योंकि फाइनल के लिए अधिक संख्या में दर्शकों के आने की संभावना है। यह भी पता चला है कि एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की अपेक्षाकृत कम क्षमता को देखते हुए बोर्ड कर्नाटक सरकार के उस फैसले से सहमत नहीं है जिसमें राज्य के विधायकों, एमएलसी और सांसदों के लिए इस सत्र में आईपीएल के तीन-तीन मुफ्त टिकटों का कोटा निर्धारित किया गया है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की क्षमता लगभग 35,000 दर्शकों की है। पिछले साल आरसीबी के विजय समारोह के दौरान हुई भगदड़ में यहां 11 लोगों की जान चली गई थी। प्लेऑफ़ का कार्यक्रम इस प्रकार है: क्वालीफायर एक: 26 मई - एचपीसीए स्टेडियम, धर्मशाला एलिमिनेटर: 27 मई - न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यू चंडीगढ़ क्वालीफायर दो: 29 मई - न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यू चंडीगढ़ फाइनल: 31 मई - नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद।

## लचर क्षेत्ररक्षण पड़ा पंजाब किंग्स पर भारी, सनराइजर्स हैदराबाद ने 33 रन से हराया




**हैदराबाद :** सनराइजर्स हैदराबाद ने दमदार बल्लेबाजी और अनुशासित गेंदबाजी के दम पर पंजाब किंग्स को 33 रन से हराकर अंकतालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। पंजाब को इस हार का मुख्य कारण उसका खराब क्षेत्ररक्षण रहा, जिसमें कई अहम कैच और स्टम्पिंग के मौके गंवाए गए।टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हैदराबाद ने चार विकेट पर 235 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए हेनरिच क्लासेन (69) और ईशान किशन (55) ने शानदार अर्धशतक जड़े। इससे पहले अभिषेक शर्मा (35) और ट्रेविस हेड (38) ने तेज शुरुआत देते हुए पावरप्ले में टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। अंत में नीतिश रेड्डी ने 29 रन की तेज पारी खेलकर स्कोर को और बड़ा किया।पंजाब की ओर से गेंदबाजी में कोई खास असर नहीं दिखा। अर्शदीप सिंह ने एक विकेट लिया, जबकि मार्को यानसेन काफी महंगे साबित हुए।लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की शुरुआत बेहद खराब रही और शुरुआती झटकों से टीम उबर नहीं सकी। कप्तान श्रेयस अय्यर भी सस्ते में आउट हो गए। हालांकि कूपर कोनोली ने 107 रन की शानदार नाबाद पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके और पंजाब 202 रन ही बना पाया।हैदराबाद की ओर से पैट कमिंस ने दो विकेट लेकर गेंदबाजी का नेतृत्व किया। टीम ने बल्लेबाजी में 17 छक्के जड़ते हुए मैच पर पूरी तरह पकड़ बनाए रखी।इस जीत के साथ हैदराबाद के 14 अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर पहुंच गया है, जबकि पंजाब की यह लगातार तीसरी हार है, जिससे उसकी स्थिति और कमजोर हो गई है।

## एलएसजी के खिलाफ बल्लेबाजी में लय वापस पाने की कोशिश करेगी आरसीबी

**लखनऊ:** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) गुरुवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मुकाबले में अपनी बल्लेबाजी लय वापस पाने के इरादे से उतरेगी। पिछले मैच में गुजरात के खिलाफ हार के कारण शीर्ष स्थान हासिल करने का मौका गंवाने वाली आरसीबी फिलहाल अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है।गुजरात के खिलाफ मैच में आरसीबी की मजबूत शुरुआत के बावजूद मध्यक्रम के ढह जाने से टीम 155 रन पर सिमट गई थी। हालांकि, टीम के प्रमुख बल्लेबाज विराट कोहली शानदार फॉर्म में हैं और 379 रन बना चुके हैं। कप्तान रजत पाटीदार और देवदत्त पडिक्कल ने भी अहम योगदान दिया है।दूसरी ओर एलएसजी का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है और टीम लगातार छह मैच हारकर तालिका में सबसे नीचे है। ऋषभ पंत की अगुवाई वाली टीम में निरंतरता की कमी साफ दिखी है।गेंदबाजी में आरसीबी को भुवनेश्वर कुमार और जोश हेज़लवुड से मजबूती मिली है, जिन्होंने हाल में शानदार प्रदर्शन किया है। ऐसे में आरसीबी इस मैच में जीत दर्ज कर प्लेऑफ की राह मजबूत करना चाहेगी, जबकि एलएसजी हार का सिलसिला तोड़ने के लिए संघर्ष करेगी।

## पीसीबी ने बकाया नहीं चुकाने वाले प्रसारण और व्यावसायिक साझेदारों को कानूनी नोटिस भेजे

**लाहौर:** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बकाया नहीं चुकाने वाली फ्रेंचाइजी, प्रसारण और व्यावसायिक साझेदारों से अरबों रुपये का बकाया वसूलने के लिए कड़ा अभियान शुरू किया है। पीसीबी के एक सूत्र के अनुसार हाल ही में पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की विभिन्न फ्रेंचाइज़ियों, प्रसारण और व्यावसायिक साझेदारों को कानूनी नोटिस भेजे गए हैं। इन नोटिस में उनसे बकाया चुकाने के लिए कहा गया है जिससे कि उन्हें किसी भी कानूनी कार्रवाई का सामना नहीं करना पड़े जिसके चलते उनके संबंधित अनुबंध रद्द हो सकते हैं। सूत्र ने बताया, 'शुरुआत में पाकिस्तान सुपर लीग की कुछ बकाया नहीं चुकाने वाली फ्रेंचाइजी को भी नोटिस भेजे गए थे जिसमें उनसे अपनी बकाया सालाना फीस चुकाने या कार्रवाई का सामना करने के लिए कहा गया था। इन फ्रेंचाइजी ने अब अपना बकाया चुका दिया है लेकिन साथ ही बोर्ड से यह भी कहा है कि वे 2010 से लंबित फ्रेंचाइजी के लिए केंद्रीय पूल से बकाया उनका हिस्सा भी चुका दे।'' सूत्र ने बताया कि एक फ्रेंचाइजी ने शिकायत की थी कि उनकी सालाना फीस इसलिए अटकी हुई है क्योंकि बोर्ड ने पीएसएल के 10वें सत्र के लिए केंद्रीय पूल से उनका पूरा हिस्सा (लगभग 96 करोड़ पाकिस्तानी रुपये) अभी तक नहीं चुकाया है। इसके जवाब में बोर्ड ने उस फ्रेंचाइजी को साफ-साफ कह दिया कि जब तक अनुबंध करने वाले पक्ष अपनी जिम्मेदारियां पूरी नहीं करेंगे तब तक बोर्ड बकाया कैसे चुका सकता है।

वर्ष 11, पूर्णांक 3584 अंक 050 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in